संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 20 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 221 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए।

# भारत विविधताओं वाला देश: प्रधानमंत्री मोदी

### देश में 45% रियल टाइम ट्रांजैक्शन होता है, भारत में सबसे सस्ता इंटरनेट डेटा: पीएम मोदी

**रियल टाइम**

▶▶ हमने शासन को बेहतर, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी का भरपूर लाभ उठाया है: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार (19 अगस्त) को जी-20 के डिजिटल इकोनॉमी मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा- भारत में दुनिया का सबसे सस्ता इंटरनेट डेटा है। आज के दौर में भारत में 85 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। पीएम ने ये भी कहा कि भारत में 45% से ज्यादा रियल टाइम ट्रांजैक्शन होता है।

रियल टाइम ट्रांजैक्शन को ऑनलाइन पेमेंट कह सकते हैं। मोदी के मुताबिक, हमने शासन को बेहतर, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी का भरपूर लाभ उठाया है।

**देश में 85 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स:** भारत में 850 मिलियन (85 करोड़) से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स सबसे सस्ते इंटरनेट डेटा का फायदा ले रहे हैं। आज के समय में 45% से ज्यादा रियल टाइम पेमेंट इंडिया में ही होता है।



**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** अफ्रीका अगले सप्ताह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रहेंगे। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स के पांच सदस्य देश हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चौथाई हिस्सेदारी रखते हैं। जोहान्सबर्ग में 22-24 अगस्त को होने वाला शिखर सम्मेलन 2019 के बाद पहली बार सभी नेता एक मंच पर बैठेंगे।
15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका द्वारा की जा रही है। 22-24 अगस्त के बीच यह सम्मेलन जोहान्सबर्ग में होगा। इस वर्ष का विषय 'ब्रिक्स और अफ्रीका' रखा गया है।

**पोर्टल ने टीकाकरण अभियान को आसान किया:** पीएम ने कहा कि कोरोना के दौरान हमने दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम चलाया।
इसके लिए कोविन पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना होता था और व्यक्ति तय डेट को पहुंचकर वैक्सीनेशन करा लेता था। किसी को भटकने की जरूरत नहीं पड़ती थी। भारत आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित होने वाला लैंग्वेज ट्रांसलेटर 'भाषिनी' पर काम कर रहा है।
**भारत की इन चीजों ने क्रांति ला दी:** पीएम ने कहा कि जन धन खाते, आधार और मोबाइल फोन ने देश में डिजिटल ट्रांजैक्शन में क्रांति ला दी। कोरोना काल में जन-धन खाते में हमारी सरकार ने महिला लाभार्थियों के खाते में लगातार तीन महीने 500 रुपए डाले थे। सरकारी योजनाओं में सरकार को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से 33 अरब डॉलर से ज्यादा की बचत हुई। भारत प्राचीन परंपराओं से लेकर नई तकनीक में भी कुछ ना कुछ स्थान बनाए है। यह विविधताओं से भरा देश है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि जो समाधान भारत में सफल होता है, उसे दुनिया में कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता रजनीकांत ने शिष्टाचार भेंट की।

## बीजेपी को सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूपी** के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक बार फिर प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने प्रदेश के तमाम मुद्दों को लेकर योगी सरकार को कटघरे पर खड़ा किया है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि यूपी में ट्रैफिक पुलिस में नई भर्ती हुई है, जो कि हर सड़क पर दिखाई दे रहे हैं। ये नई भर्ती है जिसकी वजह से हर दिन एक व्यक्ति की जान जा रही है। अखिलेश ने कहा कि एक भी दिन ऐसा नहीं गुजरता जिस दिन प्रदेश में किसी अन्नदाता की या फिर किसी गरीब की जान उस नई भर्ती की वजह से न जा रही हो। दरअसल पूर्व सीएम अखिलेश यादव सांड के मुद्दे पर बिना नाम लिए प्रदेश की योगी सरकार पर हमलावर थे।

## किसान मजबूर नहीं मजबूत होना चाहिए: सीएम मनोहर

**संवाद**

▶▶ अब तक फल व सब्जी उत्पादक 12 हजार से अधिक किसानों को 33.26 करोड़ रुपये की राशि दी गई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था का मूल आधार हैं, इसलिए किसान मजबूर नहीं मजबूत होना चाहिए। किसानों की खुशहाली में ही प्रदेश और राष्ट्र की खुशहाली निहित है, इसलिए खेती और किसान हरियाणा सरकार की नीतियों के केंद्र में हैं। सरकार फसलों के तैयार होने से लेकर बाजार में उसकी बिक्री तक किसानों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों को जोखिम मुक्त बनाने के लिए सरकार ने भावांतर भरपाई योजना शुरू की। इस योजना के तहत अब तक फल व सब्जी उत्पादक 12 हजार से अधिक किसानों को 33 करोड़ 26 लाख रुपये की राशि दी गई है। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत गुरुग्राम से ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भावांतर भरपाई योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत से आज तक अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से किसानों से यह आठवीं बार संवाद हो रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## वल्गर पोस्ट के लिए सजा मिलनी जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट में सोशल मीडिया पर अभद्र और अपमानजनक पोस्ट को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार की बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को सजा मिलनी जरूरी है। बेंच ने कहा कि ऐसे लोग माफी मांगकर आपराधिक कार्यवाही से नहीं बच सकते हैं। उन्हें अपने किए का नतीजा भुगतना होगा। कोर्ट ने तमिल एक्टर और पूर्व विधायक एस वे शेखर (72) के खिलाफ दर्ज मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया। उनके खिलाफ महिला पत्रकारों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का केस दर्ज है।
**क्या है मामला:** मामला 2018 का है। शेखर ने अपने फेसबुक पर महिला पत्रकारों को टारगेट करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट किया था। दरअसल एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित पर अभद्रता का आरोप लगाया था। शेखर ने महिला पत्रकार के इसी आरोप को लेकर अपनी राय दी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। उनके इस्तीफे की मांग की थी। शेखर ने बाद में माफी मांगी थी और पोस्ट भी डिलीट कर दिया था, लेकिन इस पोस्ट को लेकर उनके खिलाफ तमिलनाडु में केस दर्ज किए गए थे।

## रतन टाटा उद्योग रत्न अवार्ड से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस ने उद्योगपति रतन टाटा के आवास पर पहुंचकर उन्हें उद्योग रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। बता दें कि रतन टाटा अपने खराब स्वास्थ्य के कारण पुरस्कार समारोह में भाग नहीं लेंगे। दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को उनके आवास पर उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने पहुंचे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि देश के लिए रतन टाटा और टाटा समूह का बहुत बड़ा योगदान है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से दिए गए इस पुरस्कार को स्वीकार करने के लिए मैं उन्हें (रतन टाटा) धन्यवाद देता हूं। बीते 28 जुलाई को दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को पहला 'उद्योग रत्न' अवार्ड देने की घोषणा की थी।

## 'संघ केंद्रीय मंत्रालयों के फैसले ले रहा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि दक्षिणपंथी संगठन देश के हर संस्थान में अपने लोगों को बिठा रहा है। लद्दाख में कथित तौर पर एक सार्वजनिक संवाद की एक वीडियो क्लिप में उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्री फैसले नहीं ले रहे हैं, बल्कि आरएसएस के एक सज्जन हैं, जो यह तय कर रहे हैं कि मंत्रालय में क्या होना चाहिए। आरएसएस को व्यापक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वैचारिक शाखा माना जाता है, और



विपक्ष अक्सर उनके बीच समानताएं बताता रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि आरएसएस ही देश में सब कुछ चला रहा है।
**'मंत्रालयों को चला रहे आरएसएस के लोग':** पूर्व कांग्रेस प्रमुख का सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'यहां तक कि अगर आप केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री से पूछेंगे तो वे आपको बताएंगे कि वे हकीकत में अपने मंत्रालय को नहीं चला रहे हैं।

**आरोप**

▶▶ आरएसएस के एक सज्जन हैं, जो यह तय कर रहे हैं कि मंत्रालय में क्या होना चाहिए: राहुल गांधी

## 'पीएम मोदी से विशेष राहत पैकेज की उम्मीद'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है। प्राकृतिक आपदा में सरकार खुद के संसाधनों से राहत व पुनर्वास कार्यों में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष राहत पैकेज की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पीएम ने हमारी बात को गौर से सुना है। अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। केंद्र से विशेष आर्थिक पैकेज जल्द मिलने पर बहाली के कार्यों में उतनी ही तेजी आएगी। मुख्यमंत्री दिल्ली प्रवास



के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।
बीते रोज प्रदेश के सांसदों पर दिए बयान पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने स्थिति साफ की है। सनद रहे कि प्रदेश के चार लोक सभा सांसदों में से एक कांग्रेस की प्रतिभा सिंह भी हैं। उन्होंने प्रतिभा सिंह के लिए नहीं बल्कि भाजपा के सांसदों के बारे में कहा है।

**आपदा प्रभावित**

▶▶ प्राकृतिक आपदा में सरकार खुद के संसाधनों से राहत व पुनर्वास कार्यों में जुटी है: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

## स्मृति ईरानी की जमानत जब्त हो जाएगी: अल्वी

**टीम एक्शन इंडिया/अमेठी**
**लोकसभा** चुनाव 2024 के लिए एनडीए और विपक्षी गुट इंडिया ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर चर्चा तेज होने लगी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा था कि राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। अब इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा है कि अगर राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो स्मृति की जमानत भी जब्त हो जाएगा।

**सीट निर्धारित** योगी सरकार ने राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए निर्धारित की सीटों की संख्या

## यूपी में 50 हजार युवाओं को मिलेगा पॉलीटेक्निक में प्रवेश

**प्रवेश क्षमता**

▶▶ 49778 सीटों का किया गया निर्धारण, निर्धारित सीटों पर संस्थाओं में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा भी होगा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार ने प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के नियंत्रण वाले राजकीय एवं अनुदानित पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित होने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए



प्रवेश क्षमता निर्धारित कर दी है। शासन की ओर से मिले अनुमोदन के अनुसार डिप्लोमा स्तरीय संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में कुल 49778 अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे। सीटों की क्षमता का निर्धारण 2022-23 सत्र में प्रवेश क्षमता में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि को देखते हुए किया गया है। यही नहीं, निर्धारित सीटों पर प्रवेश में आरक्षण संबंधी नियमों का अनुपालन भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत सीटों में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा भी उपलब्ध होगा।
उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं का कौशल निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रति वर्ष हजारों युवाओं को पॉलीटेक्निक के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित करती है। सरकार की मंशा छात्रों को उनके पसंदीदा पाठ्यक्रमों में प्रवेश देकर मनपसंद करियर चुनने के प्रति प्रोत्साहित करना है।



# आजादी के बाद न गरीबी हटी, न भूखमरी, न हुआ शिक्षा का फर्क खत्म: बीरेन्द्र सिंह

## 70 हजार वेतन लेने वाला शिक्षक 10 हजार देकर रख रहा अपनी जगह पढ़ाने वाला

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह ने कहा है कि आजादी के बाद आज तक देश में गरीबी, भूखमरी, भ्रष्टाचार नहीं मिटा और न ही शिक्षा का फर्क खत्म हुआ। गांव में पढने वाले को अच्छी शिक्षा की सुविधा नहीं है और शहर में पढे वालों को अच्छी शिक्षा मिलती है। आज 70 हजार की तनख्वाह लेने वाला मास्टर 10 हजार की तनख्वाह में अलग व्यक्ति रखकर उसे अपनी जगह पढ़ाने भेजता है। ऐसी सरकारी शिक्षा व्यवस्था से देश आगे नहीं बढ़ सकता। वे शनिवार को हांसी में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वे दो अक्तूबर के अपने मेरी आवाज सुनों कार्यक्रम बारे बैठक लेने आए थे।

उन्होंने कहा कि 10 लाख रुपए देकर पेपर लीक करवाने वाला कैसे भ्रष्टाचार से दूर रह सकता है। गांवों में स्वास्थ्य की सुविधाएं नहीं पहुंच रही। आज भी देश में आजादी के 76




साल बाद गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसी मूल समस्याएं मुंह बाये खड़ी हैं। पिछली सरकारों ने अपने-अपने स्तर पर इन समस्याओं के लिए काम किया लेकिन जिस तरीके से करना चाहिए था, वो नहीं किया। उन्होंने कहा कि दो अक्तूबर की मेरी आवाज सुनो रैली में वो देश को अनुसंधनात्मक तरीके से इन समस्याओं को दूर करने के उपाय बतायेंगे। उदाहरण के लिए एमएसपी के साथ कृषि उत्पाद में वैल्यू एडिशन

**हल्लाबोल**

**⏩ दो अक्तूबर की मेरी आवाज सुनो रैली में वो देश को अनुसंधनात्मक तरीके से इन समस्याओं को दूर करने के उपाय बतायेंगे**

के लाभ का हिस्सा किसानों को प्रथम स्तर पर एमएसपी में जुड़कर मिलेगा तो किसान की गरीबी दूर होगी। सरकारी कर्मचारियों व अफसरों को हर साल मिलने वाले महंगाई भत्ते की तरह मजदूरों की दिहाड़ी को महंगाई के साथ जोड़ा जाए तो उनकी गरीबी दूर होगी।

ऐसे ही अन्य उपायों का खुलासा दो अक्तूबर को किया जाएगा। बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि दो अक्तूबर को जींद में होने वाली मेरी आवाज सुनो रैली का कार्यक्रम बीजेपी छोडने, कांग्रेस में जाने, अपना नया दल बनाने या किसी बड़े गठबंधन की योजना बनाने आदि से परे हटकर है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि समाज को जात के नाम पर बांटने वालों को समाज में नंगा करना चाहिए, किसी से डरना नहीं है। रैली के आयोजक उदयवीर सिंह पूनिया ने कहा कि दो अक्तूबर का दिन हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में नया अध्याय जोड़ेगा। स्वर्गीय चौधरी सर छोटूराम के वंशज बीरेन्द्र सिंह इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी वर्ग के हितों के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने का खाका पेश करेंगे।

कार्यक्रम में रामकिशन रोड, जितेन्द्र नाथ, सात बास खाप के प्रधान बलवान, राम मेहर दिनोदा नरवाना, पूर्ण सिंह, अशोक सिवाच, प्रदीप चहल, राजेन्द्र बाल्मिकी, गायत्री यादव, सुनीता रेढ़ू, राजबीर वर्मा, बलजीत सैनी, सुरेश ओढ़, विकास बिढ़लान, धर्मबीर डाबला आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रशासन से मिलकर खासपुर की समस्या हल करेंगे: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पिछले दिनों आई बाढ़ के कारण जरनैल सिंह मोहडी ने गांव जुनसुई नगल सकराहों खासपुर अधोमाजरा जैसे अन्य गांव का दौरा किया जरनैल सिंह मोहडी ने दौरे के दौरान गांव खासपुर के जगतार सिंह के घर की हालत बहुत खराब है अपाहिज होने के कारण वह काम करने में असमर्थ है ना ही उसका पीला राशन कार्ड है नहीं सरकार की कोई सुविधा है! मौके पर पहुंचे जरनैल सिंह मोहड़ी ने गांवों का दौरा कर प्रशासन से मुआवजा देने की अपील की जरनैल सिंह मोहडी बोले कि कुछ घरों की बहुत खस्ता हालत हो गई है जिसके कारण कभी भी मकानों की छत गिरने का डर मकान मालिकों को सताता रहता है जिसके क्षतिग्रस्त हुए मकानों के मालिकों की आवाज उठाने के लिए जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जरनैल सिंह मोहड़ी ने उन घरों को आश्वासन दिया और कहा की प्रशासनिक अधिकारियों को जल्द ही उनके घरों का मुआयना करके मुआवजा देना चाहिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कहा कि वह पक्षपात पूर्ण नीति कर इमानदारी से क्षतिग्रस्त हुए मकानों को सहयोग राशि दें इस मौके पर ग्राम वासी कमलजीत सिंह, धर्म सिंह , बलजिंदर सिंह, बबली देवी जसवीर कौर , राजीव कुमार, करनैल कौर, बबली सिंह, रामकुमार ,अमरीक सिंह, व अन्य लोगों ने समाजसेवी जरनैल सिंह मोहड़ी का धन्यवाद किया ।

# 'राजीव जैन से मदद की गुहार.. दुकानें टूटने से हमारे परिवार उजड़ जाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश से सुभास चौक स्थित 17 दुकानों को गिराए जाने के नोटिस मिलने से परेशान दुकानदारों ने मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन से भेंट करके उजड़ने से बचाने की गुहार लगायी है।
दुकानदारों का कहना है कि दुकाने टूटने से हमारे परिवार उजड़ जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद तहसीलदार सोनीपत ने आगामी 22 तारीख तक दुकान से सामान बाहर निकालने के निर्देश जारी किए हैं अन्यथा



सामान समेत दुकानें तोड़ दी जाएँगी। कोर्ट ने दुकानदारों का सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा मानकर दुकानें तोड़ने के आदेश दिए हैं। दुकानदार हरिओम कौशिक तथा सरदार जीत सिंह ने बताया कि हमारा इसमें कोई कसूर नहीं है क्योंकि हमने तो दुकानें नगर निगम से 50 वर्ष

**मदद की आस**

**⏩ लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट ने कस्टोडियन विभाग की अपील को सही मानते हुए आदेश जारी किए हैं**

किराये पर ली थी। बाद में कस्टोडियन विभाग ने जमीन अपनी बताकर खाली करने का केस दायर किया था। निचली अदालत में चली लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट ने कस्टोडियन विभाग की अपील को सही मानते हुए आदेश जारी किए हैं।

राजीव जैन ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि कानून के दायरे में रह कर हर संभव मदद की जाएगी उन्होंने बताया कि 2009 में भी दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई थी
तब भी मैंने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही को रुकवाया था और 2014 में दुकानदारों को ई एस आई डिस्पेंसरी के बाहर नगर निगम द्वारा बनाई गई दुकानें देने की पेशकश भी रखी थी परंतु उस समय किराया ज्यादा तय होने के कारण दुकानदारों ने इनकार कर दिया था।

# मीठी तै कर दे री माँ कोथली, आई ऐ माँ मेरी सामण की तीज

**सुरीले गीत**

**⏩ तीज के मौके पर गाये जाने वाले इन सुरीले गीतों से अशोक विहार कॉलोनी शनिवार को महक उठी**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मीठी तै कर दे री माँ कोथली, आई ऐ माँ मेरी सामण की तीज।। तीज के मौके पर गाये जाने वाले इन सुरीले गीतों से अशोक विहार कॉलोनी शनिवार को महक उठी। मौका था तीज महोत्सव के आयोजन का जो कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी भूपेश्वर दयाल गौड़ के आवास पर किया गया।

ओएसडी भूपेश्वर गौड़ की माता सविता गौड़ व पिता रघुवर दयाल गौड़ के नेतृत्व में आयोजित तीज महोत्सव में आस-पास की महिलाओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। सबने मिलकर पारंपरिक रूप से धूमधाम से तीज मनाई। महिलाओं ने तीज के पारंपरिक गीत गाए। उन्होंने गीत गाया- आई तीज बिखेरेगी बीज। झूलण चाली पहरकै लाल दामण, दामण की घूमै कली-कली।। इस प्रकार के मीठे व मंत्रमुग्ध करने वाले गीतों को ढोल-बाजे की थाप पर महिलाओं ने सुरीले अंदाज में गाया। महिलाओं ने एक-दूसरे को घेवर, गूंजियां तथा गुलगुले और पूड़े खिलाकर बधाई दी।

तीज महोत्सव की संयोजक सविता गौड़ ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तीज धन-धान्य की पूर्णता का प्रतीक महोत्सव है, हम वर्ष 1991 से हर वर्ष अपने निवास स्थान पर तीज त्यौहार को बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि धरती माता अन्नपूर्णा बनकर सबकी जरूरतों को पूरा करती हैं। तीज हमारी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है। हम सबको मिलकर धूमधाम से तीज महोत्सव मनाना चाहिए। ताकि हमारी भावी पीढियों को भी हमारे त्यौहारों और हमारी संस्कृति के बारे में पता लगे और वे भी भविष्य में ऐसे ही धूमधाम से अपने त्यौहारों को मनाएं।

# क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दावे अपलोड करने की तिथि में की बढ़ोतरी: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**उपायुक्त शांतनु **शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जलभराव एवं बाढ़ से प्रभावित नागरिकों के हित को** ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान के सत्यापन, मूल्यांकन और उसके मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दावे अपलोड करने के तारीख को बढ़ाकर 25 अगस्त 2023 कर दी है। अब आमजन बाढ़ के कारण फसल, मकान, ढाणी, पशुओं, ट्यूबवेल व अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान के मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 25 अगस्त 2023 तक अपना आवेदन कर सकते है।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बातचीत करते हुए कहा कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल प्राकृतिक आपदा के मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और बेहतर प्रणाली है। जनता के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दावे अपलोड करने की अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 25 अगस्त कर दी गई है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जल भराव एवं बाढ़ के प्रभावित किसानों व नागरिकों को राहत प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से पोर्टल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि थानेसर, पिहोवा, शाहबाद व लाडवा



**लाभ प्राप्त करें**

**⏩ फसल, मकान, ढाणी, पशुओं, ट्यूबवेल व अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान करवाएं पंजीकरण**

में तहसीलदार तथा बाबैन व इस्माईलाबाद में नायब तहसीलदार किसानों को जागरूक करके फसलों के मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण करवाएंगे। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक गांव-गांव जाकर किसानों को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के बारे में जानकारी देंगे और विस्तार से बताएंगे कि सरकार द्वारा मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को फिर से खोला है।

# द पर्ल इंटरनेशनल स्कूल में मनाया तीज का त्यौहार

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** द पर्ल इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य दीपशिखा बेनीवाल ने स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षिकाओं को तीज त्यौहार की बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीज हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है।इस अवसर पर स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्रों ने स्कूल में आयोजित कार्यक्रम मेंहदी, रैंप वॉक में भाग लिया तथा डांस व झूला झूलकर कर खूब मस्ती की। स्कूल की सभी शिक्षिकाओं ने भी हरे वस्त्र पहने व तीज का त्यौहार मनाया व विद्यार्थियों को फिरनी व घेवर की मिठाई बांटी गई। इस



अवसर पर स्कूल की शिक्षिकाएं सुमिति, ममता भटनागर, सीमा, मोनिका मेहला, नीरू शर्मा, निशा कौशिक, कंवलजीत, अंशू मेहता, रंजीता, नेहा, परवीन कौर व

## हरियाणा में सुरक्षित नहीं व्यापारी : सुशील गुप्ता

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने शनिवार को प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर खट्टर सरकार को पत्र लिखा। उन्होंने अपराधियों के बढ़ते हौसलों पर रोक लगाने और प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूती के साथ लागू करने की मांग की। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि हरियाणा में व्यापारी डर के साए में जीने को मजबूर हैं। ऐसा कोई जिला नहीं जहां व्यापारियों के पास रंगदारी के धमकी भरे फोन न आ रहे हों। इससे प्रदेश भर के व्यापारियों में डर और भय का माहौल बना हुआ है।

# इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों ने रैगिंग नहीं लेने की शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**अम्बाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में एंटी रैगिंग सप्ताह के समापन पर छात्र-छात्राओं ने परिसर में रैगिंग नहीं लेने की शपथ ली।
रैगिंग एक ऐसा अभिशाप है जिससे न जाने कितनी ही जिंदगी बर्बाद हो गई है। सबसे पहले यूरोप देश में छात्र संगठन बनाने की शुरूआत हुई । इस समुदाय ने छात्रों के हित में काम किए। मगर 18वीं शताब्दी के आखिर तक इन संगठनों ने अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करते हुए हिंसक रूप ले लिया और सबसे पहले जो मौत रैगिंग से हुई वह अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में हुई थी । जिसमें एक छात्र ने



कॉलेज यूनिवर्सिटी की छत से गिरकर आत्महत्या कर ली। भारत में भी आजादी से पहले इसके बारे में पढ़ चुके थे हालांकि उस वक्त यह एकमात्र सीनियर और जूनियर के बीच में परिचय तक ही सीमित था जिसकी शुरूआत बड़ी शालीनता के साथ हुई । मगर 90 के दशक में इसने खतरनाक रूप धारण कर लिया और आंकड़ों के मुताबिक 1997 में तमिलनाडु में रैगिंग के सबसे ज्यादा मामले पाए गये।उसके बाद 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने रैगिंग को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया । एंटी रैगिंग कानून बनाऐ गये और जगह-जगह स्कूल कॉलेजों में निर्देश जारी किए गए। यह एक दंडनीय अपराध के तौर पर भी सामने आया । वर्ष 2009 में धर्मशाला में एक मेडिकल संस्थान में एक छात्र की रैगिंग से मौत हो गई । यह एक दुखद घटना के रूप में सामने आई और सुप्रीम कोर्ट ने एंटी रैगिंग के निर्देश जारी किये व प्रिवेंशन ऑफ रैगिंग एक्ट बनाया और स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में उनका सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया । इसी एंटी रैगिंग के चलते अंबाला इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में एंटी रैगिंग पोस्टर कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से एंटी रैगिंग का संदेश देते हुए अपनी भावनाओं को उजागर किया।

# प्रशासन की अनदेखी के चलते आवारा पशुओं से जनता परेशान

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
प्रशासन की अनदेखी के चलते आवारा पशुओं से कुरुक्षेत्र की जनता बहुत परेशान है। इस विषय पर प्रबुद्ध लोगों से जब बात की गई तो सामने उभर कर आया कि वास्तव में ही प्रशासन आवारा पशुओं के प्रति जनता की परेशानी को समझने मैं लापरवाही कर रहा है । प्रशासन की लापरवाही का नतीजा यह है कि आए दिन सड़कों पर, गलियों में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही है जिसका जिम्मेदार प्रशासन है। समाजसेवी सतपाल शर्मा ने कहा कि आवारा पशु मुख्य मार्गों पर शहर की कॉलोनी की गलियों में बेधड़क घूमते हुए अक्सर देखे जाते हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है । प्रशासन की लापरवाही का नतीजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।



शिक्षाविद् कश्मीर सिंह टाया ने कहा कि सड़कों और गलियों में घूमने वाले आवारा पशुओं ने जनता का जीना मुहाल कर रखा है। आवारा पशु किसी को भी जान की हानि पहुंचा सकते हैं ।यह देखने में आ रहा है प्रशासन को चाहिए की आवारा पशुओं के लिए कोई विशेष जगह पर बड़ा बनाया जाए और आवारा पशुओं को पड़कर उन्हें उस बाड़े के अंदर रखा जाए। प्रशासन द्वारा उनके खाने पीने का प्रबंध उसी भाड़े में किया जाए ताकि जनता आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बच सके। शिक्षाविद् सुखदेव सिंह बांकुरा ने कहा कि आवारा गोवंश मुख्य मार्गों पर बैठ जाते हैं क्योंकि वहां पर बैठने से उनको वाहनों के आने जाने से हवा लगती है और उनको गर्मी से निजात मिलती है। परंतु देर सवेर सड़क पर चलने वाले वाहनों को उनके कारण बड़ा हादसा झेलना पड़ता है जिससे की जान और माल दोनों के हानि होती है इसलिए प्रशासन को चाहिए कि आवारा पशुओं का इंतजाम करें ताकि लोगों को राहत मिल सके। शिक्षाविद् रामपाल सरोहा ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण जगह जगह गंदगी फैली रह है। सफाई का अभाव है। देखने में आया है कि धार्मिक ब्रह्मसरोवर के परिसर में आवारा पशुओं के कारण जगह-जगह गोबर पड़ा हुआ है । गलियों में घरों के आगे जगह-जगह गोबर पड़ा हुआ है। आवारा पशुओं के कारण गली में कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रशासन को चाहिए की आवारा पशुओं को पकड़ कर

**गंभीर समस्या**

**⏩ प्रशासन की लापरवाही का नतीजा यह है कि आए दिन सड़कों पर, गलियों में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही है**

किसी एक जगह रखा जाए ताकि आवारा पशुओं के कारण होने वाले जानमाल के नुकसान से बचा जा सके उपरोक्त विचारों से यह निष्कर्ष निकला निकलता है कि वास्तव में आवारा पशुओं के कारण जनता अत्याधिक परेशान है। प्रशासन को जनता की समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि आवारा पशुओ के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से जनता राहत की सांस ले सके।

# प्राचीन गोगामेड़ी मंदिर पर मां भगवती काली माता का विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक )** शनिवार को लाडवा की प्राचीन गोगामेड़ी मंदिर पर मां भगवती काली माता का विशाल भंडारे का आयोजन दिया गया। जिसमें समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में हवन यज्ञ में आहुतियाँ डाली और मां भगवती के चरणों में शीश झुकाया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के की उन्नति और हल्के का प्रत्येक व्यक्ति खुशहाल रहे। इसको लेकर आज शहर की प्राचीन गोगामेड़ी पर जो माता काली देवी का भंडारा दिया जा रहा है उसमें हवन यज्ञ में



आहुतियाँ डाली और मंदिर में माथा टेका। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्का उनका अपना परिवार है और लाडवा हल्के के लोगों के लिए स्टालवार्ट फांऊडेशन की ओर से अनेक कार्य करवाए जा रहे हैं और आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। मोगामेडी के सेवक भगवानदास ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से माड़ी के मुख्यद्वार का कार्य पिछले कई महीनों से चल रहा है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा।

# स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का एलजी ने किया उद्घाटन

## द्वारका का यह खेल परिसर देश को अच्छे खिलाड़ी देगा, द्वारका को डीडीए द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया गया: एलजी

**खेल को बढ़ावा**

**यह कॉम्प्लेक्स 23.13 एकड़ में फैला हुआ और 92 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विकास प्राधिकरण (डीडीए) के स्टेट ऑफ आर्ट मॉडर्न स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने द्वारका सेक्टर-17 में उद्घाटन किया। यह कॉम्प्लेक्स 23.13 एकड़ में फैला हुआ और 92 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर सक्सेना ने कहा कि द्वारका का यह खेल परिसर देश को अच्छे खिलाड़ी देगा। उन्होंने बताया कि द्वारका को डीडीए द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया गया है और यह राजधानी का गौरव बन गया है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2019 में फिट इंडिया मूवमेंट की शुरूआत की ताकि सभी बच्चे और युवा खेल संबंधी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर खेल से जुड़ें और खुद को फिट रखें। इस अभियान के परिणामस्वरूप दूर-दराज के क्षेत्रों के बच्चों ने भी विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों में भाग लेना शुरू कर दिया है। नया खेल परिसर इंडोर और अन्य खेलों के अलावा क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, स्कवॉश, बॉक्सिंग, टेबल टेनिस, बिलियर्ड्स एंड स्नूकर्स, टेनिस, स्केटिंग जैसे आउटडोर खेलों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। इसके अलावा इसमें टोडलर पूल सहित स्वीमिंग पूल, मल्टी जिम, योगा सेंटर, एरोबिक्स, जिमनास्टिक्स भी है। परिसर में आधुनिक कैफेटेरिया भी है, जहां खेल प्रशंसक अपना गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विविध खेलों में उत्कृष्टता के तीन केंद्र, द्वारका में गोल्फ कोर्स दिसंबर, 2023 तक पूरा होने की संभावना है। वहीं जून, 2024 तक रोहिणी में एक्वेटिक्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होने की उम्मीद है। इस अवसर पर सांसद प्रवेश साहिब सिंह, डीडीए के उपाध्यक्ष सुभाशीष पंडा समेत डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। यहां 1, 3 और 5 वर्ष की सदस्यता लेकर विभिन्न खेल सुविधाओं का आनंद उठा सकते हैं। इस खेल परिसर में वरिष्ठ नागरिकों, अर्जुन पुरस्कार विजेताओं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए विशेष छूट है।

## महाठग सुकेश का एक और पत्र: केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप जड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जेल** में बंद महाठग सुकेश चंद्र शेखर ने एक बार फिर से राज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप जड़े हैं। महाठग सुकेश ने सीएम केजरीवाल और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन पर मेडिकल कंपनी से मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही जांच की मांग भी की है। सुकेश चंद्रशेखर ने तीन पेज का पत्र राज्यपाल को भेजा है। ठग सुकेश ने



आरोप लगाया है कि मेडिकल कंपनी के मालिक आम आदमी पार्टी के साथ बहुत करीब से जुड़े हुए हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार ने इस कंपनी को कई कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं। सुकेश ने पत्र में अपने आरोपों के समर्थन में कुछ डिटेल भी राज्यपाल को भेजी है। दिल्ली की मंडोली जेल में ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बंद सुकेश चंद्रशेखकर ने अपने वकील के जरिए से यह पत्र राज्यपाल के कार्यालय को भेजा है। हालांकि, इस बार पत्र को मीडिया के साथ साझा नहीं किया है।

# शराब के नशे में बदमाशों ने राहगीरों पर चलाए चाकू



**एक की मौत**

**बदमाशों ने चाकू से लूट के इरादे से तीन लोगों पर जानलेवा हमला किया जिसमें से एक की मौत हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला वेलकम इलाके का है। यहां बदमाशों ने चाकू से लूट के इरादे से तीन लोगों पर जानलेवा हमला किया जिसमें से एक की मौत हो गई और दो घायल हैं। घायलों ने भागकर अपनी जान बचाई। फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, चाकूबाजी की तीनों घटना जनता मजदूर कॉलोनी की बताई जा रही हैं। पहली घटना में बदमाशों ने शेर मोहम्मद के पेट में चाकू मारा। उसने एक घर के अंदर छिपकर खुद की जान बचाई। दूसरी घटना कॉलोनी के मकान नंबर 569 की है, जहां गुफरान की पीठ में चाकू मारा गया। गुफरान का खून काफी बह गया था, जिस कारण उसकी मौत हो गई। बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन लूट लिया। वह गांधीनगर में एक जींस की फैक्ट्री में दर्जी का काम करता था। वहीं, तीसरी घटना इसी कॉलोनी की है, जहां बदमाशों ने सारी कुमार (22) की गर्दन पर चाकू मार दिया। बदमाशों की पहचान कपिल चौधरी, सोहेल और समीर के रूप में हुई है। इनमें से समीर फिलहाल फरार है। जिसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि कपिल, सोहेल और समीर शराब पी रहे थे। उन्होंने कुछ लोगों को लूटने का फैसला किया। उनके पास बड़े चाकू थे, जो उन्होंने हाल ही में बल्लीमारान इलाके से खरीदे थे।

# एक दिन की बच्ची को प्लास्टिक के बोरे में बांध कर फुटपाथ पर फेंका

**जान बचाई**

**माता-पिता एक दिन की बच्ची को प्लास्टिक के बोरे में बंदकर फुटपाथ पर फेंककर चले गए**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण** दिल्ली के फतेहपुर बेरी थाना इलाके में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। माता-पिता एक दिन की बच्ची को प्लास्टिक के बोरे में बंदकर फुटपाथ पर फेंककर चले गए। गनीमत ये रही कि बच्ची के रोने की आवाज सुनकर जंगली जानवर वहां नहीं पहुंचे। सूचना पाकर पहुंची फतेहपुर बेरी थाना पुलिस व पीसीआर कर्मियों ने बच्ची को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराकर जान बचाई। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, डेरा गांव निवासी उमेश कुमार ने सूचना दी थी कि बांस गांव को जाने वाले रास्ते पर शिव मंदिर के पास प्लास्टिक के बोरे से बच्चे के रोने की आवाज आ रही है। इसके बाद पीसीआर में तैनात महिला सिपाही साक्षी, फतेहपुरी थानाध्यक्ष में तैनात इमरजेंसी ड्यूटी अफसर एसआई सोहनलाल, सिपाही नरेंद्र और अलका मौके पर पहुंचे। बोरे को खोला गया तो चादर में नवजात लिपटी हुई थी। शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था।

महिला पुलिसकर्मियों ने गोद में उठाकर बच्ची को चुप कराया और सफरदजंग अस्पताल में भर्ती कराया।

## साउथ एक्सटेंशन में कपड़े के शोरूम में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के साउथ एक्सटेंशन इलाके में शनिवार सुबह एक कपड़े के शोरूम आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। दिल्ली फायर सर्विस के जवान ने बताया कि साउथ एक्सटेंशन इलाके में शनिवार को सुबह एक कपड़े के शोरूम में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर रवाना कर दिया गया था।

दिल्ली पुलिस की गाड़ी और आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाएं भी मौके पर मौजूद थीं।

# स्पेशल सेल ने किया ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़

## 40 करोड़ कीमत की 56 किलो से ज्यादा अफीम बरामद



**पर्दाफाश**

**आरोपितों के पास से 40 करोड़ रुपये की कीमत से ज्यादा की अफीम, एक ट्रक और कई मोबाइल बरामद की**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पुलिस की नॉर्दर्न रेंज की स्पेशल सेल टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। टीम ने आरोपितों के पास से 40 करोड़ रुपये की कीमत से ज्यादा की अफीम, एक ट्रक और कई मोबाइल बरामद की हैं।
पुलिस ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्पेशल सेल की टीम ने एनआर और एसटीएफ ने अंतरराज्यीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान जम्मू-कश्मीर के निवासी परमजीत सिंह और राजकुमार के रूप में हुई है।
**ट्रक सहित मोबाइल भी बरामद:** आरोपितों के पास से टीम को 56.55 किलोग्राम अफीम जिसकी एक ट्रक, कई मोबाइल और सिम कार्ड बरामद किए हैं। वहीं, आरोपितों के पास से बरामद हुई अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 40 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। पुलिस टीम ने ऑपरेशन के बारे में बताते हुए कहा कि 20 जुलाई, 2023 को इंस्पेक्टर विवेक पाठक के नेतृत्व में बनी टीम को जम्मू-कश्मीर के निवासी परमजीत और राजकुमार के बारे में विशेष जानकारी मिली, जो असम बोकाजन के निवासी निर्मल के निर्देश पर मणिपुर से अफीम की सप्लाई खरीद कर ट्रक से शनिवार सुबह दिल्ली के मंगोलपुर औद्योगिक क्षेत्र आएंगे, जहां से वह सुल्तानपुरी निवासी संजीत को आपूर्ति के लिए भारी मात्रा में अफीम देंगे। इसके बाद टीम का गठन कर आरोपितों को घटनास्थल पर पहुंचने पर पकड़ लिया और तलाशी के दौरान परमजीत सिंह के पास से 5.195 किलोग्राम और 50.860 किलोग्राम अफीम बरामद की है। आरोपितों के खिलाफ पीएस स्पेशल सेल में एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बारिश से जलमग्न हुईं दिल्ली-एनसीआर की सड़कें



**गर्मी से राहत**

**बारिश के कारण गुरुग्राम के हिस्सों में पानी भर गया, जिससे राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड रहा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली-एनसीआर में शनिवार तड़के हुई तेज बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिली है। बारिश के बाद से दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर गया है, जिसकी वजह से सड़कों पर पानी भर गया है। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। वहीं, हरियाणा में भी भारी बारिश के कारण गुरुग्राम के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है, जिससे राहगीरों को पानी से होकर गुजरना पड रहा है।
**साफ हुई दिल्ली की हवा:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 8 बजे 151 की रीडिंग के साथ 'मध्यम' श्रेणी में था।
शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

# फैशन डिजाइनर बनने का सपना दिखाकर छात्रा को किया अगवा, आरोपी अरेस्ट



**बरामद**

**पुलिस ने तकनीकी जांच के जरिए एक आरोपी को गिरफ्तार कर छात्रा को लोनी से सकुशल बरामद किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीमापुरी इलाके में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर नौवीं की छात्रा को नेपाल में फैशन डिजाइनर बनने का सपना दिखाकर उसे अगवा करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने छात्रा के पिता से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच के जरिए एक आरोपी को गिरफ्तार कर छात्रा को लोनी से सकुशल बरामद कर लिया। वहीं से पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने जल्द पैसे कमाने के लिए अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो मोबाइल बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ताहिरपुर निवासी रवि और हापुड़ निवासी आकाश के रूप में हुई है। बतादें कि ताहिरपुर इलाके में रहने वाले एक शख्स ने 16 अगस्त को सीमापुरी थाने में 14 साल की बेटी के अगवा होने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि वह जनता कॉलोनी में ट्यूशन सेंटर गई थी और वापस नहीं लौटी। संपर्क करने पर उसका फोन बंद था। रात में उन्हें बेटी के मोबाइल नंबर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। साथ ही धमकी दी कि पैसे नहीं मिलने पर बेटी की हत्या कर दी जाएगी। पिता ने तुरंत सीमापुरी थाने में इसकी सूचना दी।
सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था आरोपी : जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि थाना प्रभारी विनय यादव सहित अन्य निरीक्षक के नेतृत्व में 6 टीमें गठित की गईं। पुलिस टीम ने ट्यूशन सेंटर से लेकर आसपास के इलाके में लगे 70 सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। फुटेज में छात्रा को मानसरोवर पार्क मेट्रो स्टेशन की ओर जाते देखा गया। उसके साथ मौजूद एक संदिग्ध की पहचान ताहिरपुर निवासी रवि कुमार के रूप में हुई।
पुलिस ने रवि के फोन को सर्विलांस पर लगाकर उसे कश्मीरी गेट के पास से उस समय पकड़ा जब वह बिहार जाने के लिए ट्रेन पकड़ने जा रहा था। पुलिस ने रवि की निशानदेही पर छात्रा को लोनी से सकुशल बरामद कर आकाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर पहले से कोई आपराधिक मामले दर्ज नहीं हैं।
**पांच साल के बच्चे को चुराने वाला वेंडर गिरफ्तार:** नई दिल्ली रेलवे थाना पुलिस ने पांच साल के बच्चे की चोरी करने वाले वेंडर हाथरस के सिकंदरा राऊ निवासी विकास वर्मा को गिरफ्तार किया है।

# साम्प्रदायिकता के विरुद्ध देश के बहुसंख्यक वर्ग से उठ खड़े होने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वर्तमान** परिस्थिति पर आपसी संवाद शीर्षक से शनिवार को एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी जमीअत उलेमा हिन्द, नई दिल्ली के प्रधान कार्यालय के मदनी हॉल में आयोजित की गई। जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों, अर्थशास्त्रियों, सामाजिक कार्यकताओं, विचारकों और प्रोफेसरों ने भाग लिया। संगोष्ठी में देश के सामने मौजूद साम्प्रदायिकता की चुनौती, सामाजिक ताने-बाने के बिखराव और इसके रोकथाम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई और जमीनी स्तर पर काम करने और संवाद की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की गई। संगोष्ठी में सभी बुद्धिजीवियों ने माना कि साम्प्रदायिकता इस देश के स्वभाव से मेल नहीं खाती और न ही मातृभूमि के अधिकांश लोग ऐसी सोच के पक्षधर हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जो लोग सकारात्मक सोच के समर्थक हैं, उन्होंने या तो खामोशी की चादर ओढ़ ली है या उनकी बात समाज के अंतिम भाग तक नहीं पहुंच पा रही है। जिसकी वजह से जो लोग देश के सामाजिक ढांचे को बदल देना चाहते हैं या नफरत की दीवार खड़ी करके अपनी राष्ट्रविरोधी विचारधारा को सफल बनाना चाहते हैं, वह जाहिरी तौर पर हावी होते नजर आ रहे हैं। हालांकि यह वास्तविकता नहीं है। इसलिए समाज के बहुसंख्यक वर्ग को मौन रहने के बजाय कर्मक्षेत्र में आना होगा और भारत की महानता एवं उसके स्वाभाविक अस्तित्व को बचाने के लिए एकजुट एवं सर्वसम्मत लड़ाई लड़नी होगी। कार्यक्रम के सूत्रधार मौलाना महमूद असद मदनी ने बुद्धिजीवियों का स्वागत करते हुए सवाल किया कि ऐसी स्थिति में जब देश के एक बड़े अल्पसंख्यक वर्ग को उसके धर्म और आस्था की वजह से निराश करने या अलग-थलग करने की कोशिश की जा रही है।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद कर रही है सेवा भारती



**मदद**

**दिल्ली के बाढ़ प्रभावित इलाकों में कैंप लगाए गए और विद्यार्थियों को जरूरी सामान उपलब्ध कराए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा भारती**, दिल्ली प्रान्त लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को भी सेवा भारती से जड़े लोग दिल्ली के स्कूली विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उन्हें पढ़ने लिखने का सामान उपलब्ध कराया। सेवा भारती ने एक बयान जारी कर कहा कि संस्था की ओर से आज दिल्ली के बाढ़ प्रभावित इलाकों में कैंप लगाए गए और विद्यार्थियों को जरूरी सामान उपलब्ध कराए गए। सेवा भारती के दिल्ली प्रान्त के महामंत्री सुशील गुप्ता ने बताया कि हम नर सेवा-नारायण सेवा को मूल मंत्र मानकर पिछले चार दशकों से भी अधिक समय से वंचित उपेक्षित समाज के बीच कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा भारती सक्षम परिवारों और वंचित परिवारों को एक साथ लाने का काम करती है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिए सामाजिक जिम्मेदारी आवश्यक है। इसी क्रम में हम इन क्षेत्रों में लगातार प्रयासरत हैं, जिससे समाज का कोई भी वर्ग पीछे न रहे और कदम ताल करते हुए एक स्वर में देश को आगे ले जाने में अपनी भूमिका निभा सके।
उल्लेखनीय है कि सेवा भारती के 250 से अधिक कार्यकताओं ने बाढ़ के दौरान दिल्ली के विभिन्न इलाकों में कैंप लगाकर लोगों के खाने, ठहरने और दवा-पानी आदि का इंतजाम किया था।

# भ्रष्टाचार के मामले में डीडीए के पूर्व निदेशक को करना होगा आत्मसमर्पण




**आदेश**


**अदालत के समक्ष पेश की गई सामग्री से पता चलता है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भ्रष्टाचार के** मामले में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पूर्व निदेशक (आवास) ओपी गुप्ता की सजा को निलंबित करने से इनकार करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने आत्मसर्पण करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि आवेदनकर्ता एक उच्चस्तरीय अधिकारी थे और अदालत के समक्ष पेश की गई सामग्री से पता चलता है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अन्य आरोपितों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची।
**सात दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश:** इससे डीडीए को नुकसान हुआ। न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने अदालत ने कहा कि इसके प्रथम द्दष्टया सुबूत हैं कि आवेदनकर्ता ने अपने सास व अपने बेटे के खाते में सह-दोषी की पत्नी के खाते से रुपये लिया। अदालत ने कहा कि आवेदनकर्ता ने चिकित्सा कारणों से सजा निलंबित करने की मांग की है, लेकिन इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अदालत ने कहा कि सह-दोषियों के आधार पर आवेदनकर्ता सजा निलंबित करने की मांग नहीं कर सकता है। उक्त टिप्पणी करते हुए अदालत ने 26 मई को दी गई अंतरिम जमानत को निरस्त करते हुए सात दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया।
**चार साल की मिली थी कारावास की सजा:** वर्ष 2013 में भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए दोषी ओपी गुप्ता को दोषी करार देते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट ने तीन मई 2023 को आपराधिक साजिश रचने व धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत चार साल के कारावास की सजा और सुनाई थी। साथ ही संयुक्त रूप से छह लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। हाईकोर्ट ने ओपी गुप्ता की सजा को मामले में बेटी की शादी को देखते हुए सुनवाई होने तक अंतरिम रूप से निलंबित कर दिया था।
मामले में 12 जुलाई को हुई सुनवाई पर ओपी गुप्ता ने आत्मसमर्पण नहीं किया और नियमित रूप से सजा निलंबित करने की मांग की। इस पर अदालत ने अंतरिम राहत बढ़ा दी थी। ओपी गुप्ता की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मुकदमेबाजी के दौरान उनके मुवक्किल को जमानत दी गई थी और उन्होंने कभी भी इसका दुरुपयोग नहीं किया। वहीं, सीबीआई की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने तर्क दिया कि निचली अदालत ने सही तरीके से ओपी गुप्ता को दोषी करार दिया है और सजा को निलंबित करने का कोई आधार नहीं है। यह भी कहा कि सिर्फ इस आधार पर दोषी की सजा को निलंबित नहीं किया जा सकता कि वह मुकदमेबाजी के दौरान जमानत पर था। सीबीआई ने तर्क दिया कि दोषी की सजा को तभी निलंबित किया जा सकता है जब उसके बरी होने की उम्मीद हो।

## न्यूज फ्लैश

### श्री रामकथा के तीसरे दिन सुनाई रामजन्म की कथा

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश मौताना**



महेंद्रगढ़ ।- स्थानीय सब्जीमंडी के नजदीक स्थित कमला भवन धर्मशाला के प्रांगण में श्री राम प्रचार मंडल महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित 7 दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन शनिवार को इलाहाबाद प्रयागराज से पधारे कथावाचक श्री अरविंद जी महाराज के द्वारा रामजन्म की कथा का वर्णन किया गया जिसमें नन्हे बालक खुसाल परतापुरिया ने रामजन्म की झांकी में राम का अभिनय किया। इस कार्यक्रम के यजमान डाक्टर संजीव जेरपुरिया सपरिवार थे सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था डाक्टर पूर्णमल गोयल की तरफ से हुई। रामजन्म की कथा का वर्णन करते हुए गुरु जी ने बताया कि राजा दशरथ ने गुरू वशिष्ठ एवं श्रृंगी ऋषि को बुलवाकर संतान प्राप्ति हेतु पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाया। राजा ने यज्ञ के प्रसाद (खीर) को अपने महल में ले जाकर तीनों रानियों को वितरित किया जिससे वे गर्भवती हो गई । चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दशरथ की बड़ी रानी कौशल्या के गर्भ से नीलवर्ण, चुंबकीय आकर्षण वाले ,अत्यंत तेजस्वी बालक राम का जन्म हुआ ।इसके पश्चात शुभ नक्षत्र और शुभ घड़ी में महारानी कैकई को एक तथा रानी सुमित्रा के दो बालक पैदा हुए । रामजन्म की खुशी में देवता लोग आकाश मार्ग से पुष्प वर्षा करने लगे और अयोध्या नगरी में घर-घर बधाइयां बंटने लगी ।

### चौधरी देवीलाल ने सदैव की किसान हितैषी राजनीति: नफेसिंह मान



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के किसान सैल की सिंघाना रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष नफेसिंह मान थे, जबकि उनके साथ रोहतक के जिला प्रधान दलबीर सिंह, रेवाड़ी के जिलाध्यक्ष विजय पंच गुर्जर, दिलबाग सिंह भिवानी एवं ईश्वर मान प्रमुख रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की तथा इस मौके पर मौजूद पदाधिकारियों ने पार्टी के मिशन-2024 का लक्ष्य हासिल करने पर विचार-विमर्श किया। किसान सैल के प्रदेश अध्यक्ष नफेसिंह मान ने कहा कि जननायक जनता पार्टी हितैषी पार्टी की है। चौधरी देवीलाल ने सदैव किसानों के हितों की राजनीति की। उन्हीं की विचारधारा को जननायक जनता पार्टी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों से मिशन-2024 को मजबूती२ से आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। उन्होंने किसान सैल संगठन के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और कहा कि शीघ्र ही किसान सैल की जिला बॉडी का गठन किया जाएगा और इसमें किसान हितैषी कर्मठ नेताओं को मौका दिया जाएगा। किसान सैल का जिला संयोजक जल्दी ही बना दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि जब किसान के ट्रैक्टर पर टैक्स लगाया, तब दुष्यंत चौटाला संसद भवन ट्रैक्टर लेकर पहुंचे और इस टैक्स को हटवाया। आज हरियाणा प्रदेश में सरकारी समर्थन मूल्य सबसे ज्यादा दिया जाता है और यह देन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की देन है।

### सज गया श्याम बाबा का दरबार, आज से होगा दीदार

**पंचकूला। श्याम** बाबा का दरबार सज गया है और रविवार से सभी दीदार कर सकेंगे। चार दिन तक चलने वाले उत्सव में हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना है। श्री श्याम सहारा परिवार की ओर से पंचकूला में पहली बार संगीतमय श्री श्याम कथा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसके चलते पंचकूला सेक्टर 16 महाराजा अग्रसेन चौंक से अग्रवाल भवन तक भव्य लाइटिंग की गई है। अग्रवाल भवन को भव्य तौर पर सजाया गया है। एक पत्रकार वार्ता में श्री श्याम सहारा परिवार के चीफ पैटर्न रोशन लाल जिंदल, प्रधान सुरिंद्र गोयल, महासचिव रोहित जिंदल ने बताया कि 20 अगस्त से 23 अगस्त तक चलने वाले आयोजन में कई गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। 20 से 22 अगस्त तक श्री श्याम कथा अग्रवाल भवन सेक्टर 16 पंचकूला में होगी। जिसके चलते भव्य निशान यात्रा 20 अगस्त को सुबह 12.30 बजे दुर्गा मंदिर सेक्टर 7 पंचकूला से शुरू होकर अग्रवाल भवन सेक्टर 16 तक आएगी।

# मिशन अस्पताल में सीपीआर कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**



भारत विकास परिषद् महर्षि दयानंद शाखा द्वारा द्वि-साप्ताहिक सांस्कृतिक पखवाड़े के तहत शनिवार को शहर के फिलाडेल्फिया मिशन अस्पताल में सीपीआर - आपातकाल में हृदयाघात से बचाव कार्यशाला का आयोजन किया गया। संरक्षक प्रदीप गोयल एवं सह संरक्षक दीपक राय आनंद के मार्गदर्शन में अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में क?ई सदस्यों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में अस्पताल के निदेशक डॉ सुनील सादिक, प्रिंसिपल डॉ इंदिरा डेनियल व आरएमओ डॉ आशिया ने स्टाफ सदस्यों के साथ इस बाबत संपूर्ण जानकारी देते हुए व्यवहारिक रूप में सभी को बताया कि जब भी घर में अथवा आपके आसपास किसी को हृदयाघात जैसी कोई स्थिति आए तो बिना घबराहट के संयम से काम लें , सबसे पहले सहायता व एंबुलेंस को काल करें। उसके उपरांत मरीज की दस सेंकेड तक नब्ज को जांचें व मरीज को जमीन पर या हार्ड बैड पर लिटाएं। छाती में हार्ट पंपिंग व मुंह से श्वास देने की विधि बताई।

ऐसी परिस्थिति (बेसुध) में पानी बिलकुल न दें व हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज के होश में आने के बाद उसे बिठाकर थोड़े से पानी में डिस्प्रिन घोल कर पिला दें । इसे लिटाकर बिल्कुल नहीं पिलाना नहीं तो श्वास नली अथवा लंग्स में इसके जाने से नुकसान हो सकता है। अंत में सचिव राकेश मक्कड़ ने परिषद की ओर से डॉ सादिक व उनकी पूरी टीम का इस कार्यशाला के लिए धन्यवाद किया।

इस प्रकल्प के प्रमुख अतुल आहूजा ने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व इसमें अध्यक्ष अजय अग्रवाल, किरण छिब्बर, राजिन्द्र अग्रवाल, विनोद जांगड़ा, शैलेन्द्र अरोड़ा, दीपक राय आनंद, प्रमोद गर्ग, शरद सिंघल, सरोज अग्रवाल, रेणु ग्रोवर, मीना गर्ग व आशा जांगड़ा ने भाग लिया। यह जानकारी शाखा के प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए कहा कि रविवार 20 को प्रातः काल के समय पौधारोपण, मंदिरों में धूप दीप अवशेष पात्र वितरण व पुरानी अनाज मंडी में नेकी की दीवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## फोटोग्राफरों ने लकवा ग्रस्त फोटोग्राफरों की मदद की



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** प्रजापति धर्मशाला में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर हरियाणा फोटोग्राफर एसोसिएशन के महासचिव मुकेश पांचाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें गन्नौर के सभी फोटोग्राफरों ने विश्व फोटोग्राफी दिवस फोटोग्राफरों ने 31000 की धनराशि एकत्रित की और उसे देकर एक असहाय फोटोग्राफर को भेंट स्वरूप प्रदान की । हरियाणा फोटोग्राफर एसोसिएशन के महासचिव मुकेश पांचाल ने बताया कि स्टूडियो संचालक फोटोग्राफर बड़ी निवासी सुरेश उर्फ बच्चन को 4 महीने पहले लकवा से पीड़ित हो गया था और इसी दौरान उनकी धर्मपत्नी का एक लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया था । जिस कारण वह कमाने में असमर्थ है । जिसको देखते हुए व्हाट्सएप ग्रुप के द्वारा एक मुहिम चलाई गई । एसोसिएशन के पदाधिकारी धीरज गुलिया ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटना किसी के साथ में हो और अगर होती है तो सभी फोटोग्राफर भाई ऐसे में एकजुट रहे। इस मौके पर गन्नौर के अधिकतर फोटोग्राफर मौजूद रहे।

## वार्डों में आप ने बिजली आंदोलन को लेकर चलाया जनसंपर्क अभियान



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में शनिवार को समालखा शहर के विभिन्न वार्डो मे आप द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलन के तहत जन संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राकेश चुघ व उनकी टीम ने चौक चौराहों, घरों व दुकानों आदि में जाकर लोगों को बिजली के बिलों को लेकर जानकारी दी गई। राकेश चुघ ने बताया कि हरियाणा के साथ लगते दिल्ली व पंजाब में लोगों को घरों की बिजली फ्री दी जा रही है और लोगों के बिजली के बिल जीरो आते है लेकिन हरियाणा में सरकार द्वारा सस्ती बिजली खरीद कर महंगी बिजली लोगों को दी जा रही है।

## मृत गाय की चपेट में आने से हुई युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डबरी गांव के पास हाईवे पर मृत पड़ी गाय के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा देर रात करीब साढ़े 9 बजे घटित हुआ। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है, जो मूल रूप से काछवा का रहने वाला था, लेकिन मौजूदा समय में वह अपनी मां के साथ गांव सैदपुरा में रहा था। मुकेश परिवार का इकलौता सहारा था। उसके पिता की पहले मौत हो चुकी है। पुलिस ने रात को ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया था। आज मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिस जांच अधिकारी जगदीश ने बताया कि देर रात को किसी राहगीर ने सूचना दी कि थी हाईवे पर एक मृत पशु पड़ा है और हम टकराने से बाल-बाल बचे हैं। सूचना के बाद वह करीब साढ़े 4 मिनट में मौके पर पहुंच गए।

## राई हल्के में खाटू श्याम दर्शनों के लिए दो बसों में निशुल्क सुविधा की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/राई। ग्रामीणों को** खाटू श्याम जी के दर्शन कराने के लिए शनिवार को आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने राजस्थान के लिए 2 बसों की फ्री सेवा की सुविधा दी है। बस में सवार होने से पहले कई गांव से एकत्रित हुए ग्रामीणों ने खाटू श्याम जी के जयकारे लगाए और उनकी महिमा का गुणगान किया। खाटू श्याम जी के दर्शन कराने के लिए बसों को रवाना करते हुए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि वैसे तो संसार में सभी देवी देवताओं का अपना अपना महत्व है, लेकिन भगवान श्री कृष्ण अवतार खाटू श्याम जी



की बात की जाए तो उनकी लीला ही अपरंपार है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के सीकर जिले में प्राचीन काल से खाटू श्याम जी का मंदिर आस्था का केन्द्र है। खाटू श्याम जी मंदिर से प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्याम भक्त अखंड ज्योत लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि जो सच्चे मन से खाटू श्याम जी की भक्ति करता है, उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। खाटू श्याम जी के लिए फ्री बस सेवा रवाना करने पर जयभगवान आंतिल के जनहित में किए जा रहे कार्यों की ग्रामीणों ने सराहना की।

# हरि चुनरी चौपाल के लिए महिलाओं का जत्था हुआ रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**



बरोदा हल्के के गांव भैंसवाल में जजपा द्वारा आयोजित की गई हरि चुनरी चौपाल को सफल बनाने के लिए शनिवार को गन्नौर हल्का प्रधान अनिल त्यागी व महिला हल्का अध्यक्ष अनिता वर्मा के नेतृत्व में जजपा कार्यालय से सैकड़ों महिलाओं का काफिला रवाना हुआ। इस अवसर पर अनिल त्यागी ने कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए की गई सभी घोषणाओं को लागू करवा कर प्रदेश की मातृशक्ति से किए वादों को पूरा किया है। त्यागी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश सरकार में सहभागी बनकर नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अनेक लाभकारी योजनाओं को लागू करवाया है। इसलिए हम सब महिलाओं का कर्तव्य बनता है कि संगठित होकर आने वाले समय में जननायक जनता पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करनी चाहिए। इस अवसर पर जजपा महिला विंग कि हल्का अध्यक्ष अनिता वर्मा ने कहा कि बाढड़ा से विधायक नैना सिंह चौटाला द्वारा प्रदेश में आयोजित की जा रही हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रमों में उमड़ रहा महिलाओं के जनसैलाब इस बात का प्रतीक है कि महिलाओं को उनके अधिकार देने का काम उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला व विधायक नैना चौटाला ने किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महिला सरपंच का होना दुष्यंत चौटाला की देन है। वर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सक्षम बनाने के लिए राशन डिपो में 33 प्रतिशत का आरक्षण महिलाओं को दिया है।

**तीज उत्सव**

**सभी घोषणाओं को लागू करवा कर प्रदेश की मातृशक्ति से किए वादों को पूरा किया है: अनिल त्यागी**

## संगठन सर्वोपरि मान परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण है जिला भाजपा अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता



**पानीपत/कमाल हुसैन** संगठन सर्वोपरि है ये वाक्य कहने वाले लोगों की कोई कमी नहीं परंतु बहुत कम लोग होते हैं जिनके कार्यों से ही पता लगता है की उनके लिए संगठन मतलब संगठन,संगठन को मजबूत बनाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा ये पानीपत जिला भाजपा पानीपत डा. अर्चना गुप्ता की कार्यप्रणाली से स्पष्ट झलकता है। आज ही के दिन तीन वर्ष पूर्व जब उनको पानीपत की जिला भाजपा अध्यक्ष मनोनित किया था तब लोगों ने शंका जाहिर की कि महिला है जिला चला पाएंगे या नहीं। जिले में बहुत वरिष्ठ भाजपा नेता हैं उनके साथ ताल मेल बैठा पाएंगी या नहीं। परंतु डा.अर्चना गुप्ता ने कुछ ही समय में इन सभी शंकाओं तथा आशंका को निर्मूल साबित कर दिया। सबसे गजब का ताल मेल बिठाया भी और सभी का साथ लेने में भी कामयाब रही। ये सब उनके सौम्य स्वभाव तथा सबको सम्मान देने के कारण संभव हो पाया। इनके सामने पहली चुनौती अपनी कार्यसमिति बनाने की थी जिस से सभी वरिष्ठ नेता संतुष्ट हो । इन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर एक संतुलित कार्यकारणी बनाई सभी लोग व नेता इससे संतुष्ट थे। शहरी आंचल में तो भाजपा का बहुत काम हुआ ही परंतु डा.अर्चना संगठन को गांव -गांव ले गई। संगठनिक नियुक्तियों में ग्रामीण आंचल के कार्यकताओं को दायित्व देना हो या ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक अधिक प्रवास हो। कार्यकताओं की समस्याओं के लिए जी जान लगा देना उनके स्वभाव में शामिल रहा। इस में कोई दो मत नहीं की डा.अर्चना गुप्ता का तीन साल का अधक्षीय कार्यकाल उम्दा तथा अनुकरणीय रहा है।

## किसान बागवानी विभाग की योजनाओं का ले लाभ: अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**उपायुक्त** अनीश यादव ने जिलाभर के किसानों से बागवानी विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने का आहवान किया है। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बागों के क्षेत्रफल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 43 हजार रूपए का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा किसान फूल एवं सब्जियों की खेती करके अधिक उत्पादन एवं आय प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं बनाई है।

डीसी ने बताया कि बागवानी विभाग द्वारा 15 हजार रूपए सब्जी उत्पादन पर, 6 हजार 400 रूपए मल्चिंग पर, प्लास्टिक टनल पर 14.50 रूपए प्रति वर्ग मीटर, बांस के सहारे सब्जी उत्पादन पर 31 हजार 250 रूपए प्रति एकड़ एवं आयरन स्टैंकिंग पर 70 हजार 500 रूपए प्रति सहायता राशि किसानों को दी जाती है।

# जीवन सुरक्षा योजना के तहत 5 लाख का चैक दिया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** किसान एवं खेती हर मजदूर योजना के तहत खेत में बिजली का करंट लगने से हुई मौत के बाद परिजनों को विधायक निर्मल चौधरी ने गन्नौर मार्केट कमेटी की तरफ से 5 लाख का चेक मृतक किसान की पत्नी पूजा को सौंपा । ज्ञात रहे की ज्ञात रहे की महमूदपुर माजरा गांव के किस राजेश की खेत में काम करते समय बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी । विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से इस योजना के तहत अगर कोई भी किसान खेत में कार्य करता है और उसकी मौत हो जाती है तो



किसानों के परिवार को सहायता के रूप में 5 लाख की राशि मृतक के परिजनों को देता है । इसके अलावा कोई भी अंग भंग हो जाता है तो मार्केट कमेटी उसको भी आर्थिक सहायता के रूप में पैसे देती है ।

विधायक ने कहा कि भगवान ना करे अगर किसी के साथ कोई हादसा हो जाता है तो वह है इस योजना का जरूर लाभ उठाए ताकि मृतक के परिवार की आर्थिक मदद हो सके । इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव चंद्रप्रकाश, मंडी सुपरवाइजर वीरेंद्र , ऑक्शन रिकॉर्डर संदीप रापडिया के अलावा भोपाल रापारिया आदि मौजूद थे ।

# 'समाज को सही राह दिखाने को लेकर युवा का शिक्षित होना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** गढ़ी झंझारा रोड पर स्थित जोगी समाज धर्मशाला का शनिवार को 11वां स्थापना दिवस के साथ ही तीज महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान ओमप्रकाश जोगी ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां पहुंचने पर जोगी समाज के लोगों ने उनका फूल माला से स्वागत किया। कादियान ने जोगी समाज को एकजुट होने पर जोर दिया और कहा कि समाज के लिए वह हमेशा तत्पर है, उनके जीवन का ध्येय



समाज सेवा करना है। जो जिम्मेदारी दी जाएगी उसका निवर्हन किया जाएगा। कादियान ने कहा कि जोगी समाज को अपनी अलग पहचान बनाने के लिए बेटे-बेटियों को शिक्षित करना होगा। आज के समय में युवा का पढ़ा लिखा होना बेहद जरूरी है। एक शिक्षित व्यक्ति समाज को सही दिशा प्रदान कर सकता है। इस दौरान कादियान ने निमार्णाधीन धर्मशाला का निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर अनुदान राशि दी, जोगी समाज के लोगों ने उनका आभार जताया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्याम लाल शास्त्री ने बखूबी किया। मौके पर मुकेश, हरिओम, वकील संदीप राठी, रामफल, पूर्व प्रधान जगदेव, परमानंद आदि मौजूद रहे।

**तीज की धूम**

**जोगी समाज धर्मशाला का 11वां स्थापना दिवस के साथ मनाया तीज महोत्सव**

## नव ज्योति शिक्षा सदन में मनाई गई हरियाली तीज, छात्रों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

नव ज्योति शिक्षा सदन में हरियाली तीज महोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर उनका मनोरंजन करवाया गया। सभी माताओं ने झूला झुला, महेंदी लगवाई, नृत्य किया, पौराणिक सांस्कृतिक के अनुसार गीत गाए गए। फूलों की माला बनाना, सिर पर मटका रख कर डांस करना, सुई में धागा डालना, कैट वॉक करना, अच्छी पोशाक पहनना, हेयर स्टाइल आदि अनेकों प्रतियोगिताओं में सभी माताओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया और



अपनी कौशलता को सबके सामने प्रस्तुत किया। विजयी माताओं को आकर्षित उपहार से सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाया गया। तीज त्यौहार पर सभी को हरियाणवी संस्कृति के अनुसार पकवान खिलाए गए। प्रिंसिपल हीनू शर्मा ने तीज त्यौहार कि सभी को बधाई देते हुए इस त्यौहार के रीति रिवाजों से अवगत करवाया।

# संपादकीय

## प्राकृतिक आपदाओं का देश पर असर

**आदि** अनादि काल से कुदरत का कहर जब टूटता है तो वह किसी राष्ट्र, देश, मानव, व्यक्ति या समाज को नहीं देखता बस अपना कहर बरसाकर सैकड़ो हजारों जीवों को लीलकर एक सन्नाटा छोड़कर चला जाता है, जो हम प्रत्यक्ष रूप में भारत सहित अनेकों विकसित देशों में देख चुके हैं। हम ऐसा अनेकों पाठ्य संसाधनों में पढ़ चुके हैं कि इस प्राकृतिक आपदाओं का ज्ञाता मानवीय जीव ही है। दूसरे शब्दों में प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ कर उन्हें जर्जर हालत में पहुंचने वाला मानवीय जीव है, जिसका परिणाम उनकी अगली पीढ़ियों को भुगतना पड़ रहा है, इसकी एक इकाई के रूप में जलवायु परिवर्तन समस्या में देखा जा रहा है, जिसपर सैकड़ो देशों ने मिलकर पेरिस समझौता किया है जिसके अनुसार सभी देश उत्सर्जन को काम करनें में लगे हुए हैं। भारत के हिमाचल प्रदेश में भी दिनांक 18 अगस्त 2023 को सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर आज राज्य आपदा घोषित की गई है।चूंकि पिछले अनेक दिनों से अमेरिका के हवाई द्वीप के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है जिसपर भारतीय दूतावास ने भी, दुखी हूं कहकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अमेरिका के साथ अपनी एकजुट व्यक्त की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका में एक सदी के इतिहास में जंगलों में आग की सबसे भयानक घातक घटना। साथियों बात अगर हम अमेरिका में आग की करें तो, हवाई द्वीप के जंगलों में आग का तांडव देखने को मिल रहा है। आग इतनी ज्यादा है कि उसने कई शहरों को चपेट में ले लिया। हवाई स्थित माउई के सुरम्य शहर में लगी आग से अब तक 110 लोगों की मौत हो गई है। जंगलों में लगी आग अमेरिकी इतिहास में सदी की सबसे घातक आग की घटना बन गई है। नए आँकड़ों ने उत्तरी कैलिफोर्निया में 2018 कैंप फायर में मारे गए लोगों की संख्या को भी पार कर लिया है। उस हादसे में 85 लोग मारे गए थे। ऐसा आलम एक सदी पहले, 1918 में सूखाग्रस्त उत्तरी मिनेसोटा में लगी आग के दौरान देखा गया था जिसमें करीब 453 लोगों की मौत हो गई थी। आग कई इलाकों में फैल गई थी, जिसमें हजारों घर नष्ट हो गए थे और सैकड़ों लोग मारे गए थे। सोशल मीडिया पर सामने आई कई वीडियो पर हवाई के शहरों का बुरा हाल दिख रहा है। लाहैना शहर के अधिकांश हिस्से वीरान हो चुके हैं। इमारतें हो या कारें सब राख हैं। हजारों लोग मिल नहीं रहे हैं।हवाई द्वीप का लाहैना शहर पूरी तरह तबाह हो चुका है। हजारों गाड़ियां राख बन चुकी है, मकान खंडहर है और कई लोगों की जिंगदियां खत्म हो गई हैं। शहर की हजारों इमारतें आग की चपेट में आई हैं।माउई में कम से कम दो अन्य जगहों पर भी आग की लपटें पहुंच गई हैं। हालांकि, इससे अब तक किसी के मरने की सूचना नहीं है। दक्षिण माउई के किहेई और पहाड़ी क्षेत्र में ये आग लगी है। बताते चलें कि हवाई के माउई में स्थित लहैना मेंमंगलवार, 8 अगस्त को आग भड़क उठी थी जो अभी तक जारी है।आग लगने की वजह अभी साफ नहीं है। माना जा रहा है कि तापमान बढ़ने और तेज हवाओं से आग लगी है. आग के कारण पूरा ऐतिहासिक रिसॉर्ट शहर नष्ट हो गया।

# कम नियमों से ही होगा 'विश्वास-आधारित शासन'

सत्यवान सौरभ

> "व्यावसायिक कानूनों का अपराधीकरण, भारतीय व्यावसायिक परंपराओं और लोकाचार और भारत में उद्यमिता की गरिमा का उल्लंघन करता है। भारत में व्यापार करने को नियंत्रित करने वाले 1,536 कानूनों में से आधे से अधिक में कारावास की धाराएं हैं। पांच राज्यों - गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में उनके कानूनों में 1000 से अधिक कारावास की धाराएं हैं। भारत में व्यवसायों के सामने आने वाली प्राथमिक समस्याओं में से एक नियमों की जटिलता और ओवरलैपिंग है। केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कई नियामक संस्थाएं अक्सर व्यवसायों के लिए भ्रम और अनुपालन बोझ का कारण बनती हैं। भारत में, विनिर्माण क्षेत्र में 150 से अधिक कर्मचारियों वाला एक औसत उद्यम एक वर्ष में 500-900 अनुपालन करता है, जिसकी लागत लगभग 12-18 लाख रुपये होती है।"

**बिल** का उद्देश्य है कि कुछ अपराधों में मिलने वाली जेल की सजा को या तो पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए या फिर जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया जाए। सरकार देश के लोगों और विभिन्न संस्थानों पर भरोसा करें, यही लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला है। पुराने नियमों का अभी भी लागू रहना विश्वास की कमी का कारण बनता है।।। नियमों के पालन के बोझ को कम करने से व्यवसाय प्रक्रिया को गति मिलती है और लोगों के जीवनयापन में सुधार होता है। इस बिल का उद्देश्य है कि भारत में चल रहे व्यापार सहजता हो सके। व्यापार करने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है। नियमों का उल्लंघन होने पर भारी जुर्माना और जेल का प्रावधान है। बिल के अनुसार अगर ऐसा होगा तो देश में बिजनेस को कैसे प्रोत्साहन मिलेगा। जन विश्वास विधेयक का उद्देश्य पर्यावरण, कृषि, मीडिया, उद्योग और व्यापार, प्रकाशन और अन्य डोमेन को नियंत्रित करने वाले 42 कानूनों में से लगभग 180 अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना है, जो देश में व्यापार करने में आसानी में बाधाएं पैदा करते हैं। इसका उद्देश्य व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और जनता की भलाई में सुधार करने के लिए कारावास की धाराओं को पूरी तरह से हटाने या मौद्रिक जुमार्ने से बदलने का है। जन विश्वास बिल का लक्ष्य है कि, 42 कानूनों के 180 अपराधों को गैर-अपराधिक घोषित करना। यानी 180 ऐसे अपराध हैं जिन्हें अब अपराध नहीं माना जाएगा और इसलिए इसमें मिलने वाली सजा को कम कर दिया जाएगा। ये कानून पर्यावरण, कृषि, मीडिया, उद्योग, व्यापार, प्रकाशन और कई अन्य क्षेत्र के हैं जिनमें होने वाले अपराध को या तो कम किया गया है या खत्म किया है ताकी देश में व्यापार करने में आसानी हो।बिल का उद्देश्य है कि कुछ अपराधों में मिलने वाली जेल की सजा को या तो पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए या फिर जुमार्ना लगाकर छोड़ दिया जाए। भारत 'रेगुलेटरी कोलेस्ट्रॉल' से ग्रस्त है, जो व्यापार करने के रास्ते में बाधा बन रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अधिनियमित कानून, नियम और



विनियमों ने समय के साथ विचारों, संगठन, धन, उद्यमिता के सुचारू प्रवाह और उनके माध्यम से नौकरियों, धन और सकल घरेलू उत्पाद के निर्माण में बाधाएं पैदा की हैं। कुछ व्यावसायिक कानूनों में, अनुपालन रिपोर्ट को देरी से या गलत तरीके से दाखिल करना एक अपराध है, जिसकी सजा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 के तहत राजद्रोह के बराबर है। व्यावसायिक कानूनों का अपराधीकरण, भारतीय व्यावसायिक परंपराओं और लोकाचार और भारत में उद्यमिता की गरिमा का उल्लंघन करता है। भारत में व्यापार करने को नियंत्रित करने वाले 1,536 कानूनों में से आधे से अधिक में कारावास की धाराएं हैं। पांच राज्यों - गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु में उनके कानूनों में 1000 से अधिक कारावास की धाराएं हैं। भारत में व्यवसायों के सामने आने वाली प्राथमिक समस्याओं में से एक नियमों की जटिलता और ओवरलैपिंग है। केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर कई नियामक संस्थाएं अक्सर व्यवसायों के लिए भ्रम और अनुपालन बोझ का कारण बनती हैं। भारत में, विनिर्माण क्षेत्र में 150 से अधिक कर्मचारियों वाला एक औसत उद्यम एक वर्ष में 500-900 अनुपालन करता है, जिसकी लागत लगभग 12-18 लाख रुपये होती है। कानून में बार-बार होने वाले बदलाव जैसे, जीएसटी कर-दरों में संशोधन, निर्यात प्रतिबंध आदि देश में व्यापार करने में आसानी को प्रभावित करते हैं। कई अपराधों में जेल के प्रावधान को खत्म किया जाएगा। इंडियन पोस्ट ऑफिस एक्ट, 1898 के तहत आने वाले सभी अपराधों और जुमार्ने को हटाया जाएगा। शिकायत निवारण व्यवस्था में बदलाव होंगे, एक या एक से अधिक अधिकारियों को नियुक्त किया जाएगा ताकी वे जुमार्ना तय कर सकें। किसी कानून का उल्लंघन होने पर अधिकारी जांच बिठा पाएंगे, पूछताछ कर सकेंगे और सबूत के लिए समन भी जारी कर सकेंगे। अपराधों के लिए लगाए जाने वाले जुमार्ने को संशोधित किया जाएगा। बिल के अनुसार जुर्माने की कम से कम राशि का 10 फीसदी हर तीन साल के बाद बढ़ाया जाएगा। यानी जुर्माने की राशि हर तीन साल में बढ़ाई जाएगी। विधेयक आपराधिक कानूनों को युक्तिसंगत बनाने में सहायता करेगा, जिससे लोग, व्यवसाय और सरकारी एजेंसियां छोटे या तकनीकी रूप से गलत उल्लंघनों के लिए जेल जाने की चिंता के बिना काम कर सकें। प्रस्तावित कानून किए गए कार्य या उल्लंघन की गंभीरता और निर्दिष्ट दंड की गंभीरता के बीच संतुलन बनाता है। न्याय प्रदान करने की प्रणाली तकनीकी और प्रक्रियात्मक त्रुटियों, छोटी गलतियों और महत्वपूर्ण अपराधों के निर्धारण में देरी के कारण बोझिल हो गई है। परिणामस्वरूप, यह कानून कानूनी व्यवस्था पर बोझ को कम करेगा और मामलों के लंबित रहने के समय को कम करेगा। लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला सरकार द्वारा अपने लोगों और संस्थानों पर भरोसा करने में निहित है। इस संदर्भ में, जन विश्वास विधेयक प्रणाली को अव्यवस्थित करने और पुराने और अप्रचलित कानूनों के बोझ को दूर करने की परिकल्पना करता है। अनुपालन बोझ कम होने से व्यापार करने में आसानी में सुधार होगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम पैमाने के व्यवसाय भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ये सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इन उद्यमों को औपचारिक क्षेत्र में स्थानांतरित करने और नौकरियां और आय उत्पन्न करने के लिए, प्रभावी और कुशल व्यावसायिक नियम होने चाहिए, जो अनावश्यक लालफीताशाही को खत्म करें। विधेयक में इन मुद्दों का समाधान करने का प्रयास किया गया है। विनियामक बोझ निवेशकों के लिए पर्याप्त बाधाएँ पैदा करता है। इसके अलावा, आवश्यक अनुमोदनों के लिए लंबी प्रक्रिया लागत को बढ़ा सकती है और उद्यमशीलता की भावना को कमजोर कर सकती है। जन विश्वास विधेयक के माध्यम से प्रस्तावित संशोधनों से प्रक्रियाओं को आसान बनाने के कारण निवेश निर्णयों में तेजी आएगी और अधिक निवेश आकर्षित होगा। विधेयक अनुपालन को कम करने और छोटे अपराधों के लिए कारावास के डर को दूर करने में मदद करेगा, जिससे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और 'विश्वास-आधारित शासन' को बढ़ावा मिलेगा। सरकार देश के लोगों और विभिन्न संस्थानों पर भरोसा करें, यही लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला है। पुराने नियमों का अभी भी लागू रहना विश्वास की कमी का कारण बनता है।।। नियमों के पालन के बोझ को कम करने से व्यवसाय प्रक्रिया को गति मिलती है और लोगों के जीवनयापन में सुधार होता है। इस बिल का उद्देश्य है कि भारत में चल रहे व्यापार सहजता हो सके। व्यापार करने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है। नियमों का उल्लंघन होने पर भारी जुमार्ना और जेल का प्रावधान है। बिल के अनुसार अगर ऐसा होगा तो देश में बिजनेस को कैसे प्रोत्साहन मिलेगा।

# कविता

## बेफिक्री

बेफिक्री से जिंदगी जीते रहिए
ना जाने कब जीवन का
विराट पहिया घूम जाएगा
वर्तमान तो निश्चित है हमारा,
आने वाले कल के लिए
क्यूँ आज को काला करते रहें !
खुश रहें खुशमिजाज बनें,
स्वर्णिम भविष्य के लिए
परिश्रम उतना ही करें,
जिससे आज की खुशियां
बलिदान ना होने पाएं !
क्षणभंगुर सा है जीवन मानव का
भरोसा नहीं आने वाले पल का
फिर भी समान इकठ्ठा कर रहा
सदियों के लिए आज की अपनी
खुशियोँ की कीमत पर इंसान !
विराट जगत में हैसियत
कुछ भी नहीं माटी के तन की
पल भर में जीवन विदा हो जाएगा,
आया नहीं यहाँ कोई
युग युगांतर के लिए !
जो पाया यहीं का था,
जो छूट जाएगा यहीं का होगा
फिर क्यूँ ना बेफिक्री से
आज की खुशियों के साथ
जीवन को भरपूर जिया जाए !

मुनीष भाटिया

## किस्म-किस्म के गरीब

**डॉ. सुरेश कुमार**

अनाज की कमी के चलते देश में राशन की दुकानें अब कभी-कभार ही अनाज देती हैं। ऐसे में वहाँ मारा-मारी होना स्वाभाविक है। आज भी यही हाल है। गांव के लोग अपनी बोरियां ले कर घरों से जल्दी ही निकल गए।आज गरीब लोगों को मुफ्त में अनाज वितरण होना था।अनाज देने वाले ने सब को सूचित कर दिया था। राशन वितरक की दुकान पर गरीब लोग सुबह से ही लाइन में लग गए थे।जल्दी जाने के अनेक कारण थे।कही चूक गए तो फिर पता नहीं दुबारा राशन कब आए।गर्मी है जल्दी में ले आएं।जल्दी जाओ जल्दी पाओ का भी नियम है। गांव के लगभग सभी लोग थे जिसमें बूढ़े,महिलाएं और बच्चे भी थे। सब से पहले स्थान पर जो गरीब था वह कितना गरीब था देखिए घर बहुत बढ़िया बना रखा है।कूलर,फ्रिज,टीवी तो है ही क्योंकि बेटा सरकारी लेकचरार जो ठहरा मगर यह गरीब है।संपन्नता है या गरीबी यह तो वही जाने मगर लोगों के अटके काम निकालने के लिय यह तीन से पांच रुपए सैकड़ा ब्याज पर लोगों को उधार भी देता है।जमीन है इस लिय यह किसान भी है तो इसे किसान निधि भी मिलती है।उम्र में सत्तर साल का हो गया इस लिय पति पत्नी दोनों को वृद्धावस्था पैंशन भी मिलती है फिर भी गरीबी है कि उसका दामन नहीं छोड़ती।इसी लिए मुफ्त में राशन की लाइन में सुबह जल्दी ही आ गया। लाइन में से एक आदमी ने उसे टोक दिया च बोला भले आदमी तेरे को तो शर्म आनी चाहिए जो तू भी गरीबों का हक मारता है। वह बूढ़ा पीछे मुड़ा जैसे किसी ने साप की पूंछ पर पैर रख दिया हो।वह गुरार्या और बोला तू कौनसा गरीब है।तेरे बेटे कलकत्ता में करोड़ों कमाते हैं।लाखो रुपए इंकमटेक्स भरते हैं।क्या कमी है तेरे।बेटे बहू हवाई जहाज से आते हैं तू भी तो हवाई जहाज से जाता है।चुप कर,मेरा मुंह मत खुलवा। बिना लाइन बैठा एक गरीब सुन रहा था और मुस्कुरा रहा था।किसी ने उसके मुस्कुराने का कारण पूछ लिया जो गरीब बना लाइन में लगा था। उस गरीब ने उत्तर दिया ये क्यों लड़ रहे हैं।फिर यह लाइन तो सभी अमीरों की है मगर इनके अंदर जो मुफ्त का लेने की होड़ लगी है वास्तव में सही है क्योंकि इन्होंने जीवन में भूख बहुत देखी है वह भूख इनके कलेजे से निकाल नहीं रही है।और मैं तो गरीब था,गरीब हूं क्योंकि आप लोगों के रहते मेरा नम्बर पिछली बार भी नहीं आया और आज भी मुश्किल है।दिन भर मजदूरी करता हूं।आज की मजदूरी भी गई और राशन मिलने की कोई गारंटी नहीं। तभी एक लडकी बोली क्यों झिक झीक कर रहे हो।जो मिलता है ले लो।जो पहले लाइन में लग गया वही तो लेगा ।तुम्हारी नींद देरी से खुली तो हम क्या करें। वह मजदूर बोला अगर अमीर लाइन में न हों तो हमे लाइन लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती मगर तुम लोगों के कारण हम वंचित रहते हैं। एक आदमी बोला गर्मी चढ़ रही है।यह अनाज वितरक पता नहीं कहा मार गया।

# विचार

## कौशलजीवियों के लिए सुनहरा प्रभात विश्वकर्मा योजना

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने लालकिले की प्राचीर से कौशलजीवी समाज का जीवन संवारने के लिए देशवासियों से विश्वकर्मा योजना का बड़ा वादा किया था अब जिसकी मंजूरी केंद्रीय कैबिनेट ने भी दे दी है। भगवान विश्वकर्मा आदि शिल्पी और कौशल के देवता हैं अतः केंद्र सरकार की यह योजना आगामी विश्वकर्मा जयंती 17 सिंतबर से पूरे देश में लागू की जाएगी। विश्लेषकों का अनुमान है कि यह योजना 2024 के लोकसभा चुनाव और उससे पूर्व पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में गेमचेंजर साबित हो सकती है। इस योजना के प्रारंभिक चरण में भारत के मूल 18 कौशलजीवी बढ़ई, नाव निमार्ता, लोहार, ताला बनाने वाले,सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले ), चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाडू निमार्ता, बुनकर, गुड़िया और खिलौना निमार्ता (पारंपरिक), नाई, माली, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल बनाने को आच्छादित किया जाएगा । नई विश्वकर्मा योजना से लघु उद्योग को बढ़ावा मिल सकेगा और इन पारंपरिक कौशलों को एमएसएमई श्रृंखला से जोड़ा जाएगा। इस योजना से सबसे ज्यादा लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की इस योजना का ओबीसी समाज ने स्वागत किया है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। अधिकांश कौशलजीवी प्रायः उपरोक्त समाजों से ही आते हैं। अगर यह योजना कारगर तरीके से धरातल पर उतारी गयी तो इस समाज का आर्थिक परिदृश्य ही बदल जाएगा तथा वह और अधिक कुशलता के साथ कार्य करने मे सक्षम हो सकेंगे। माना जा रहा है कि इस योजना से 30 लाख परिवारों की वित्तीय स्थिति में बड़ा परिवर्तन आएगा। इस योजना से छोटे व्यवसायों और श्रमिकों को अपना व्यापार बढ़ाने और आर्थिक स्थिति सुधारने में भी मदद मिलेगी। यह योजना पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू करने से पूर्व ही आरम्भ कर दी जाएगी और इन सभी राज्यों में इस योजना का प्रचार किया जाएगा क्योंकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में ओबीसी समाज का मत प्रतिशत अच्छा खासा है और यह वर्ग भारतीय जनता पार्टी का कोर मतदाता रहा है। मध्य प्रदेश से एक ताजा सर्वेक्षण आया है कि वहां का 61 प्रतिशत ओबीसी समाज अभी भी भारतीय जनता पार्टी को पसंद कर रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से गुरु- शिष्य परंपरा के अंतर्गत कौशल कार्यों को बढ़ाने वाले कामगारों का कौशल विकास किया जायेगा तथा उन्हें ऋण सुविधा एवं बाजार तक पहुंच प्रदान करने में भी मदद की जाएगी। इस ऐतिहासिक योजना पर वित्त वर्ष 2023 -24 से वित्त वर्ष 2027- 28 के मध्य पांच वर्षों की अवधि में 13 हजार करोड़ रुपए का खर्च आयेगा। इस योजना में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इन वर्गों का किस तरह से अधिक से अधिक कौशल विकास हो तथा नए प्रकार के उपकरणों एवं डिजाइन की की जानकारी प्राप्त हो सके। इस योजना के अंतर्गत दो प्रकार का कौशल विकास कार्यक्रम होगा जिसमें पहला बेसिक और दूसरा एडवांस होगा। इस कोर्स को करने वाले लोगों को मानदेय भी प्राप्त होगा। योजना की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि छोटे छोटे कस्बो में अनेक वर्ग ऐसे हैं जो गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत कौशल से जुड़े कार्यों में लगे हैं। इस योजना के पहले चरण में 1 लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की सहायता महज 5 प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण के रूप में मिलेगी। योजना के अंतर्गत व्यवसाय को व्यवस्थित करने के बाद दूसरे चरण में 2 लाख रुपए का रियायती लोन प्रदान किया जायगा।इस योजना के अंतर्गत कारीगरों, शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र प्रदान कर मान्यता भी दी जायेगी।सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि इस योजना के अंतर्गत कारीगरों को डिजिटल लेनदेन में प्रोत्साहन और बाजार समर्थन प्रदान किया जायेगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## इंडिया, घमंडिया या एनडीए किसका घमंड होगा चूर

**बाल मुकुंद ओझा**

एनडीए, इंडिया या घमंडिया में से आगामी लोकसभा चुनाव में किसका घमंड चूर चूर होगा यह तो अभी पता नहीं मगर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया गठबंधन को घमंडिया नामकरण देकर जोरदार हमला शुरू कर दिया है। मोदी ने कहा, "इस गठबंधन को इंडिया न कहें, घमंडिया गठबंधन कहें। विपक्षी गठबंधन द्वारा 'इंडिया' नाम रखे जाने पर शुरूआत से विवाद रहा है। खबर थी कि विपक्षी गठबंधन के कुछ दल भी इस नाम के पक्ष में नहीं थे। मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, "यूपीए बदनाम हो गया था, इसलिए इन्होंने अपने नाम बदलकर क्ल्र्ल्र्रि रख लिया। 'ये इंडिया गठबंधन नहीं बल्कि घमण्डिया गठबंधन है और इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है, सबको प्रधानमंत्री बनना है।" उन्होंने कहा कि ये ह्यह्यघमण्डिया" गठबंधन देश में परिवारवाद की राजनीति का सबसे बड़ा प्रतिबिंब है। इंडिया गठबंधन में घमंड को लेकर अभी से घमासान शुरू हो गया है। शुरूआत कांग्रेस ने की है है। दिल्ली को लेकर पहले भी संशय की स्थिति थी और आज भी है। कांग्रेस ने दिल्ली की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का अपना मन बना लिया है और प्रवक्ता अलका लम्बा ने जैसे ही इसकी घोषणा की केजरीवाल की आम आदमी पार्टी उबल पड़ी। कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया को आकर स्थिति सम्भालनी पड़ी। दिल्ली देश की राजधानी है जहाँ कभी कांग्रेस की तूती बोलती थी। आप पार्टी ने कांग्रेस का घमंड तोड़ दिया। कांग्रेस को अपना यह दुःख भारी पड़ा है और वह न चाहते हुए भी दिल्ली किसी को थाली में सजा कर नहीं देना चाहती। इसी बीच महाराष्ट्र में इंडिया में बगावत के शोले भड़कने शुरू हो गए। ये सब लोग जानते है की चाचा शरद के भतीजे अजित से सॉफ्ट कार्नर है जिसके चलते कांग्रेस तिलमिलाए हुए है। कांग्रेस शरद पवार से खार खाये हुए है और अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। पवार है की दोनों हाथ में लड्डू लिए हुए है। कहने को वे भाजपा से दूरी बनाये हुए है। यही हालात बंगाल में है। जहाँ अधीर रंजन चौधरी और ममता बनर्जी में रार थमने का नाम नहीं ले रही है।

## भारत को नेताओं की नहीं सजेर्ताओं की जरूरत

**नरेंद्र तिवारी**

**राष्ट्र को** अब नेताओं की नहीं सजेर्ताओं कि आवश्यकता है। देश की संसद में जारी दिशाहीन बहस, नेताओं के अमर्यादित भाषण नागरीक समाज को दिग्भर्मित कर रहें हैं। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए जाति, धर्म, भाषा, श्रेतीयता जैसे कमजोर बंधनो से उभरकर राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने संम्बंधी विषयो पर ध्यान देने की आवश्यकता हैं। यह कहना है संत पुरुष, कर्मयोगी, तपस्वी पंडित मेवालाल जी पाटीदार का वें भारत सरकार के उपराष्ट्रपति से संत-ईश्वर सम्मान से सम्मानित हुए है। बड़वानी जिले की सेंधवा तहसील में मुम्बई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित गायत्री धाम जामली की स्थापना से लेकर उसकी प्रगति के प्रमुख स्तम्भकार रहें है। उनके समक्ष राष्ट्रीय एकता, राजनीतिक दलों के आचरण, वर्तमान दौर में विज्ञान का महत्व, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का महत्व, मानवीय आचरण में आ रही गिरावट, समाज मे बढ़ती अश्लीलता जैसी अनेकों शंकाए प्रकट की गई। उन्होंने सभी का समाधानपरक उत्तर भी दिया। शंका- भारत आजादी का अमृत महोत्सव बना रहा है, आजादी संघर्षों, बलिदानों से प्राप्त हुई है। अनेकता में एकता संविधान की मूल विशेषता एवं आजादी का मूल तत्व है, धार्मिक, जातीय, भाषाई कट्टरता के परिणाम स्वरूप धर्म और जातियों में आक्रमकता देखने को मिल रही है, यह आक्रमकता राष्ट्रीय एकता में बिखराव के रूप में देखी जा रही है। समाधान- आजादी बहुत कीमती है, हमारे संत सुधारक और शहीदों ने इसे बडे संघर्षों से प्राप्त किया है। भारत के नागरिकों को धर्म, पंथ, जाति की भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र के संविधान का आदर करें। हमारी नैतिक जवाबदेही को समझे। राष्ट्रीय पर्वो पर भी उतना ही उत्साह, उल्लास, उमंग रहना चाहिए जो हमारे धार्मिक, जातीय उत्सवों के दौरान रहते है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान राष्ट्र को समृद्ध और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें धार्मिक, जातीय भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रीय चरित्र का विकास करना होगा। नागरीको को यह ध्यान रखना चाहिए कि सरकारों तक या व्यवस्था तक कोई बात पहुचाने के तरीके हिंसात्मक, ध्वंसात्मक न हो, आमतौर पर देखा गया है कि राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक आंदोलनों में राष्ट्रीय संपत्तियों को नुकसान पहुचाने की घटनाएं घट रही है।

## न्यूज फ्लैश

### अर्धनग्न हालत में नहर से मिला व्यक्ति का शव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** काछवा रोड़ पर स्थित पश्चिमी यमुना नहर में एक व्यक्ति का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद हुआ है। व्यक्ति की उम्र करीब 35 साल बताई जा रही है। उसके एक हाथ पर उमेश नाम भी गुदा हुआ है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस जांच अधिकारी लखविंदर सिंह ने बताया कि व्यक्ति के शरीर पर टी शर्ट थी, जबकि एक हाथ पर उसके ओम गुदा हुआ है। पानी के कारण व्यक्ति का चेहरा बुरी तरह से गल चुका है। व्यक्ति के मुंह से पहचान नहीं हो पा रही है। देखने में शव 4 से 5 दिन पुराना लग रहा है, जो यमुनानगर की तरफ से करनाल में बहता हुआ आया है।

### माइंड वार्स के नेशनल स्पेल बी कॉम्पीटिशन 2023 के लिये हो जाइये तैयार!

**नोएडा।** जी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (जील) द्वारा भारत की अग्रणी शैक्षणिक पहल माइंड वार्स भारत के सभी मिडिल स्कूल विद्यार्थियों के बीच स्पेलिंग का शौक रखने वालों के लिये बेहतरीन खबर लेकर आई है। माइंड वार्स पहली बार अपनी राष्ट्रीय स्पेलिंग प्रतियोगिता स्पेल बी 2023 आयोजित करने के लिये तैयार है। यह शानदार अखिल भारतीय प्रतियोगिता अब भारत में कक्षा 4 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिये खुली है, जिसमें वे अंग्रेजी के लिये अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। अपने आप में अनोखी ह्यमाइंड वार्स स्पेल बी 2023ह्व का फॉर्मेट मल्टी-स्टेज होगा। यह प्रतियोगिता भाग लेने वाले स्कूलों में इंट्रा-स्कूल राउंड्स से शुरू होगी और विद्यार्थी तीन कैटेगरीज में भाग लेंगे। इसके बाद हर जोन के चैम्पियन और रनर-अप ग्रैण्ड फिनाले में पहुँचेंगे, जिसे माइंड वार्स के यूट्यूब चैनल पर दिखाया जाएगा। माइंड वार्स स्पेल बी 2023 के विजेताओं के लिये रोमांचक इनाम होंगे, जिसमें 10 लाख रुपए तक के नगद पुरस्कार, ट्रॉफियाँ, प्रमाणपत्र और अन्य मूल्यवान पुरस्कार सम्मिलित
जी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट उमेश कुमार बंसल ने कहा, हम माइंड वार्स स्पेल बी को देशव्यापी अवतार में अभूतपूर्व ढंग से पेश करके बहुत खुश हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# सैक्टर-8 में व्यापारी के घर ईडी की रेड, चेकिंग के दौरान मिले 73 जिंदा कारतूस



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सेक्टर-8 में ईडी ने एक व्यापारी के घर पर रेड की। इस दौरान घर से 73 जिंदा कारतूस बरामद हुए। हालांकि व्यापारी के पास हथियार का लाइसेंस था, लेकिन वह 73 राउंड का कोई हिसाब ही नहीं दे पाया। ईडी के अधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीती देर रात करीब साढ़े 11 बजे करनाल के सेक्टर आठ में चंडीगढ़ इडी के सहायक डायरेक्टर विनय सूद की अगुआई में टीम सिंगला नवजोत एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राजेंद्र के घर पहुंची। ये रेड मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई। कई घंटो तक इडी ने घर में दस्तावेजों की तलाशी ली। घर से मिले हथियारों की भी पड़ताल की। इडी को घर में 32 बोर पिस्टल के 24 जिंदा कारतूस मिले। इसके साथ ही 32 बोर रिवॉल्वर के 20 कारतूस व 12 बोर पिस्टल के 29 कारतूस राउंड मिले। टीम को कुल 73 कारतूस मिले। इडी को रेड के दौरान एक असला भी बरामद हुआ, जिसका लाइसेंस था, लेकिन आरोपी 73 राउंड का हिसाब ही नहीं दे पाया। अवैध राउंड मिलने के बाद टीम हरकत में आई। अवैध रूप से राउंड रखने पर इडी ने मामले की लिखित शिकायत सेक्टर 32-33 थाना पुलिस को की। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।
पुलिस पीआरओ सचिन कुमार ने बताया कि राजेंद्र के खिलाफ सेक्टर 32-33 थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**जांच जारी**

▶▶ ईडी के अधिकारियों ने शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

### कैथल: मारपीट व एससीएसटी एक्ट में आठ लोगों को एक-एक साल की कैद

**कैथल।** शनिवार को अतिरिक्त सेशन जज डा. गगनदीप कौर सिंह की अदालत ने मारपीट व एससीएसटी एक्ट में दोषी रमेश, जय भगवान, रणधीर, मोहनलाल, रणधीर, चरण सिंह, संजय उर्फ टाडी, व राहुल वासी गांव बालू को एक-एक साल के कारावास व नौ-नौ हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न देने पर 70 दिन की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इसी केस में रामफल, संजू, प्रतीक व रामरत्न उर्फ भागी निवासी बालू पुलिस की तफ्तीश में निर्दोष पाए गये थे। संजीव निवासी गांव बालू ने थाना कलायत में 3 मई 2017 को धारा 148, 149, 323, 325, 506 आईपीसी और धारा 3 (2) एससी एसटी एक्ट के तहत केस नंबर 94 दर्ज करवाया था।

## अंसल टाउन में शिव मंदिर को लेकर हुआ विवाद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अंसल टाउन में शिव मंदिर को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार दोपहर को जहां जिला नगर योजनाकार द्वारा शिव मंदिर को अवैध करार देते हुए सील कर दिया गया। वहीं देर शाम को जब श्रद्धालु आरती के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्होंने प्रशासन द्वारा लगाई गई सील को तोडकर मंदिर के द्वार दोबारा खोल दिए और आरती की। श्रद्धालुओं का तर्क है कि भगवान शिव को भोग व आरती नहीं हुई तो विनाश हो जाएगा।
बताया जाता है कि अंसल टाउन कॉलोनी में कॉलोनीवासियों ने पार्क की जगह में टीन शेड के नीचे भगवान शिव का मंदिर बनाया है। डीटीपी ओम प्रकाश ने शुक्रवार की दोपहर को मंदिर को अवैध बताकर कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि जो मंदिर की जगह है, वह कहीं और दी गई है। यह पार्क की जगह है। यहां मंदिर हाइटेंशन लाइन के नीचे है, ऐसे में कोई भी हादसा हो सकता है। जिसके चलते मंदिर को सील किया गया है।

## योग कक्षा में मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** प्रसिद्ध योग गुरु दिनेश गुलाटी के संचालन में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत योग कक्षा सेक्टर-12 फाउंटेन पार्क में तीज महोत्सव मनाया गया। सभी योग कक्षाओं के शिक्षकों व साधकों ने तीज पर्व को बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में दिनेश गुलाटी ने साधकों को आसन, योग प्राणायाम का अभ्यास करवाया। मिशन की महिला सदस्यों ने पहले योग को किया। दिनेश गुलाटी ने योग साधकों को तीज की शुभकामनाएं दी और कहा की तीज का त्यौहार हमारे भारतीय संस्कृति को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में तीज का बहुत महत्व है इस त्यौहार का संबंध शिव पार्वती से है। आस्था, उमंग व सौंदर्य का यह पर्व है, जब सावन में सम्पूर्ण प्रकृति हरी चादर से आच्छादित होती है।
योग कक्षा में भी तीज की धूम रही योग शिक्षिकाओं नीलम बठला, निधि गुप्ता, वीना धीर, वीना सेठ, बरखा जिंदल, शिवानी कंबोज, एनफ चौधरी, नीरज गुप्ता, मंजू शर्मा के संचालन में मिशन की टीम की महिला सदस्यों ने तीज का पर्व मनाया। महिलाओं व पुरूषों ने जमकर झूलों का आनंद लिया और सावन के गीत गाए और तीज के गानों पर नृत्य किया। हर त्योहार की भांति तीज का पर्व भी सभी कक्षाओं द्वारा सामूहिक रूप से मनाया गया, जहां सब ने एक दूसरे के साथ पर्व की खुशियां बांटी। इस अवसर पर सभी को मेहंदी भी लगाई गई। दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस योग परिवार में हर त्योहार, हर पल में मिलकर खुशियां बांटी जाती हैं और हर त्यौहार जीवन में एक नई उमंग, एक नई मिठास लेकर आता है।

**तीज का खुमार**

▶▶ सभी योग कक्षाओं के शिक्षकों व साधकों ने तीज पर्व को बड़े उत्साह व धूमधाम से मनाया

## 'हरियाली तीज व्रत हिन्दू धर्म का प्रमुख पर्व'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आल** इंडिया वैश्य फैडरेशन की महिला विंग ने आज एक निजी होटल में हरियाली तीज उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।
आज के कार्यक्रम में चेयरपर्सन आशा गोयल ने बताया कि हरियाली तीज व्रत हिन्दू धर्म का प्रमुख पर्व है। तीज के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए दिनभर व्रत-उपवास रखती हैं।
उन्होंने कहा कि हरियाली तीज को छोटी तीज और श्रावण तीज के नाम से भी जाना जाता है।
आज के तीज उत्सव में सभी महिलाएं राजस्थानी वेशभूषा में आई हैं। उनके लिए आज विशेष रूप से नृत्य प्रतियोगिता एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है। आज के कार्यक्रम होस्ट निशा गुप्ता, राखी, स्माइली, प्रिया, दीप ज्योति, मोनिका रही।
तीज के मौके पर सभी होस्ट ने कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत नृत्य करके की। आए हुए सभी मेंबर्स ने तीज के मौके पर खूब गीत गाए और एक दूजे को तीज की बधाई दी। कार्यक्रम में निशा गुप्ता तीज क्वीन बनी। तीज का उत्सव हो और झूलों के पींगों पर महिलाओं ने समां बाँध दिया। सब महिलाओं ने झूला झूलते हुए भी गीत गाये।

### कुख्यात बदमाश के खिलाफ इंटरपोल ने जारी किया रेड कॉर्नर नोटिस

**रोहतक।** इंटरपोल ने सभी सदस्य देशो के लिये अति वांछित आरोपी हिमांशु उर्फ भाउ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है। किसी भी देश मे अति वांछित आरोपी हिमांशु उर्फ भाउ के बारे मे पता चलता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाये। आरोपी भारत से फरार होकर विदेश मे रह रहा है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने शनिवार को बताया कि भारत से फरार होकर विदेश में रह रहे आरोपी हिमांशु उर्फ भाउ का इंटरपोल की सहायता से रेड कार्नर नोटिस जारी करवाने मे सफलता प्राप्त की है।

## नशे में धुत दो दोस्तों ने अपने ही दोस्त को ट्रक से कुचला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कस्बा निसिंग** में राइस मिल के बाहर शराब नशे में धुत दो दोस्तों ने ट्रक के नीचे सो रहे अपने दोस्त को गाड़ी से कुचल दिया। तीनों युवक सोनीपत के फरमान गांव के रहने वाले है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस में भिजवा दिया। वहीं अन्य दोनों दोस्तों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। निसिंग थाना के प्रभारी जंगशेर सिंह ने बताया कि निसिंग में स्थित हरि राइस मिल सोनीपत के गांव फरमान के 3 युवक अपनी गाड़ी में चावल को लोड करने के लिए आए हुए थे। पिछले तीन दिन से उनकी गाड़ी लोड नहीं हुई, जिसके चलते वह मिल के बाहर ही दो दिन से लगातार शराब पी रहे थे। आज सुबह भी उठने के बाद उन्होंने शराब पीनी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में अब तक सामने आया है कि सुबह उठते ही मृतक राजेन्द्र व उसके दोनों दोस्तों ने शराब पीनी शुरू कर दी। इसके बाद राजेन्द्र शराब के नशे में ट्रक के नीचे सो गया और उसके दोस्त गाड़ी में सो गए। कुछ देर बाद उसके दोस्तों के पास गाड़ी लोड करने के लिए फोन आया। इसके बाद वह ट्रक के नीचे देखे बिना ही आगे पीछे करने लगे। उन्हें ट्रक के नीचे सो रहे राजेंद्र का पता नहीं चला और वह गाड़ी से कुचला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद दोनों दोस्त ट्रक लेकर आगे चले गए। फिर उसे खड़ा कर वह सो गए। उन्हें ये होश नहीं रहा कि उनका तीसरा दोस्त कहां है। इसके बाद मिल में मजदूरों का आना शुरू हो गया। उन्होंने राजेंद्र का शव बुरी तरह से कुचली हालत में देखा और इसके बारे में पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। तब जांच में पता चला कि दोस्तों ने ही युवक को कुचल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी उन्होंने इतनी ज्यादा शराब पी रखी है कि नाम बताने तक की हालत में नहीं हैं। मृतक की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्युरी में रखवा दिया गया है।

## मेहंदी प्रतियोगिता में निकी ने पाया पहला स्थान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाली** तीज के उपलक्ष्य में भारत विकास परिषद श्री राधा-कृष्ण शाखा की ओर से राजकीय माध्यमिक विद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता शाखा अध्यक्ष प्रियंका काठपाल की अध्यक्षता में करवाई गई।
प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र छात्राओं से हमारी भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण त्योहार तीज से संबंधित प्रश्नोत्तरी कराई गई और तीज क्यों मनाई जाती है, इसका क्या महत्व है, यह बताया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 की छात्रा निकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 की छात्रा शिवानी ने दूसरा तथा कक्षा 6 से सपना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद वर्मा को अभूतपूर्व सहयोग के लिए शाखा के सचिव प्रमोद नागपाल और कोषाध्यक्ष राकेश अरोड़ा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। शाखा की उपाध्यक्ष प्रभा शर्मा, महिला संयोजिका अनीता सिंह व सम्मानित सदस्य मीनू सिंगला द्वारा निर्णायक मंडल का दायित्व निभाते हुए निर्णय सुनाया। विद्यालय की शिक्षिकाओं वीनू मल्होत्रा, कविता अरोड़ा, अनीता, शकुंतला नागपाल, सोनिया, सुरेश, सीमा, मोनिका, वीना गुप्ता और सुनीता का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद किया और कहा कि सभी त्योहार मनाने के साथ-साथ हमारी भावी पीढ़ी को इनकी महत्ता से अवगत कराना भी अति आवश्यक है।

## विद्यालय में सांस्कृतिक समारोह का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन आर्य वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के प्रधान सेठ राधाकृष्ण आर्य रहे। विशिष्ट अतिथि पंजाब एण्ड हरियाणा हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट रामकुमार मलिक रहे। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधान विरेन्द्र आर्य ने अध्यक्षता की। प्रबन्धक रामपाल जागलान, राजेन्द्र जागलान व प्राचार्य मनीष घनगस ने मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथि का स्वागत और अभिनन्दन किया तथा विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि सेठ राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों व छात्राओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## एनसीसी की परीक्षा में खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**सम्मान**

▶▶ प्रतिभावान एनसीसी विद्यार्थियों को कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव ने सम्मानित किया



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। गुरूनानक** खालसा कॉलेज के प्रतिभावान एनसीसी विद्यार्थियों को कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क तथा प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने सम्मानित किया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी डा. देवी भूषण ने बताया कि कॉलेज के सीनियर अंडर ऑफिसर कृष्ण, अंडर ऑफिसर विजेन्दर तथा अक्षय कुमार को एनसीसी की सी प्रमाण पत्र की परीक्षा में ए ग्रेड के साथ पास करने पर सम्मानित किया गया। वहीं कुमारी तृप्ति अर्शदीप कौर तथा रिद्धी फोर को बी प्रमाण पत्र की परीक्षा को भी ए ग्रेड में पास करने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि एनसीसी के कैडेट रोहित कुमार ने ड्रिल में पहला तथा सावन ने ड्रिल में तीसरा पुरस्कार जीता है।
कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने बताया कि हमारा कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ एनसीसी, एनएसएस और सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य, स्टाफ तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया एवं आशीर्वाद दिया।

# पानीपत में भव्य रूप से मनाया तीज महोत्सव

## प्रदेशभर से 50,000 से अधिक महिलाओं ने महोत्सव में भाग लेकर बनाया रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होगा रिकॉर्ड

**रिकॉर्ड कायम**

**इस राज्य स्तरीय महोत्सव में प्रदेशभर से 50,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर एक रिकॉर्ड कायम किया**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/पानीपत/कमाल हुसैन अखंड** सौभाग्य और सुहाग के प्रतीक पर्व हरियाली तीज का उत्सव आज पानीपत में भव्य रूप से मनाया गया। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित इस राज्य स्तरीय महोत्सव में प्रदेशभर से 50,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर एक रिकॉर्ड कायम किया और यह रिकॉर्ड लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी असाधारण छाप छोड़ने वाली 101 महिलाओं को भी सम्मानित किया। पानीपत में शनिवार को गुरु तेग बहादुर/हुड्डा मैदान में आयोजित इस महोत्सव में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने दीप प्रज्वलित कर तीज उत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोक धुनों पर आधारित सीडी का विमोचन भी किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तीज के त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका ये भाई, सुदामा आपके लिए कोथली लेकर आया है, आप इसे स्वीकार करें, यह मेरी प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि हमारी यह परंपरा है कि कोथली के द्वारा भाइयों द्वारा बहनों की सुख समृद्धि का संकल्प लिया जाता है और आज भाई के रूप में मैं आपकी सुख समृद्धि का संकल्प लेता हूं। उन्होंने कहा कि कोई भी त्यौहार माताओं, बहनों और बेटियों के बिना पूरा नहीं हो सकता, महिलाएं हमारे सब त्यौहार का आधार है, इसलिए महिलाओं की सुख शांति के लिए हम संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने तीज महोत्सव को और खास बनाते हुए महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बेचने के लिए साझा बाजार की कल्पना पर सभी जिला केंद्रों पर 50 से 100 पोटा कैबिन स्थापित करने की घोषणा की।





### महिला सशक्तिकरण पर दिया विशेष ध्यानः मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए विशेष ध्यान दिया है। हमने पंचायतों में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व महिलाओं के लिए तय कर दिया है। इसके अलावा, लगभग 9 वर्षों में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी ठोस प्रयास किये हैं। बेटियों को घर के नजदीक ही उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के लिए हर 20 किलोमीटर के दायरे में कॉलेज खोले गये हैं। प्रदेश में कुल 76 नये राजकीय कॉलेज खोले गए, जिनमें आधे से अधिक 31 लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि तीज त्यौहार समाज की खुशहाली के साथ-साथ हरियाली का प्रतीक होते हैं, इसलिए हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि प्रकृति की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, विधायक महिपाल ढांडा, प्रमोद विज,सूचना लोक सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना लोक सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल सहित प्रदेश के कोने-कोने से आई बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीत कर हरियाणा का परचम लहराया: विज



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़ हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज हरियाणा के तीन खिलाड़ियों को यू-20 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक लाने पर दिल की गहराइयों से बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यू-20 वर्ल्ड कुष्ती चैम्पियनषिप में हरियाणा के तीन खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीत कर देशभर में एक बार फिर हरियाणा का परचम लहराया है और आज पूरे प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ रही है। विज ने तीनों खिलाड़ियों को हृदय की गहराईयों से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हरियाणावासियों के लिए खुशी मानने का दिन है। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाडी अंतिम पंघाल, सविता और मोहित को हृदय की गहराई से मुबारकबाद दी। विज ने कहा कि हरियाणा खेलों की धरती है और क्षेत्रफल में हम 1.3 प्रतिशत है लेकिन हम देश भर के मुकाबले में 50 प्रतिशत मेडल लाते हैं।

विज ने कहा कि हरियाणा में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक विस्तार दिया जा रहा है ताकि ओर भी खिलाड़ियों को तैयार किया जा सकें। उल्लेखनीय है कि अंडर-20 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में बेटियों ने इतिहास रच दिया। हिसार (हरियाणा) की अंतिम पंघाल लगातार दूसरी बार अंडर-20 विश्व चैंपियन बनने वाली देश की पहलवान बेटी बनीं, वहीं रोहतक की सविता ने 62 भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

## 'महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना सर्वोच्च प्राथमिकता'

**आदेश**

**पुलिस महानिदेशक ने शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निवारण करने के दिए निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़ हरियाणा** के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ फील्ड अधिकारियों को लोगों के प्रति अधिक संवेदनशील होने, उन्हें धैर्यपूर्वक सुनने और उनकी शिकायतों का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निवारण करने के निर्देश दिए। शत्रुजीत कपूर ने यह निर्देश पुलिस मुख्यालय, पंचकुला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। पुलिस को किसी भी सरकार का चेहरा बताते हुए कपूर ने शिकायतों के त्वरित निवारण की आवश्यकता पर बल दिया ताकि त्वरित और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने के साथ-साथ भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के स्तर का पता लगाने के लिए फीडबैक लेने की एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। इससे न केवल शिकायत निवारण प्रणाली अधिक पारदर्शी होगी बल्कि लोगों का पुलिस पर विश्वास और अधिक बढ़ेगा। राज्य में महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए डीजीपी ने कहा कि पुलिस को राज्य में ऐसा माहौल विकसित करने के लिए काम करना चाहिए जहां महिलाएं या बेटियां देर से घर आने पर भी सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने फील्ड इकाइयों को लड़कियों के स्कूल और कॉलेज क्षेत्रों और बाजारों में पुलिस गश्त तेज करने के निर्देश दिए ताकि छेडखानी करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके। जघन्य अपराधियों और गैंगस्टरों से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्पष्ट संदेश देते हुए, डीजीपी ने संगठित अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एसटीएफ की क्षमता को दोगुना करने और इसे सभी आवश्यक संसाधनों से लैस करने के निर्देश जारी किए। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे राज्य में माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतर्क रहे। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने और नफरत भरे भाषणों के जरिए राज्य में शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया हेतु पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने और विशेष कानून एवं व्यवस्था कंपनियां और स्वैट टीमें बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## 'तीज त्यौहार जीवन में आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के रंग भरते हैं'

**आपसी प्रेम**

**तीज, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, नवरात्रि, ईद, गुरुपर्व जैसे अनेक त्यौहार साथ मिलजुल कर मनाते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ हरियाणा** राजभवन में आज राज्य स्तरीय भव्य तीज उत्सव का आयोजन किया गया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हरियाली तीज पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई व शुभकमानएं देते हुए प्रदेश के लोगों के लिए खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि तीज त्यौहार हमारे जीवन में प्यार-मोहबत, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के रंग भरते है और यह हमारे देश की महान प्राचीन सभ्यता, संस्कृति एवं परम्पराओं के परिचायक हैं। तीज त्यौहार हमारी संस्कृति की विरासत है, जिन्हें सहेजकर रखना हम सबकी सांझी जिम्मेदारी है। तीज त्यौहार महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देने मे सहायक हैं। विशेषकर तीज पर्व को महिलाओं का पर्व माना जाता है इसलिए महिलाएं इस पर्व को और ज्यादा हर्ष और उल्लास के साथ मनाती है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के लोग एक दूसरे के धर्म का सम्मान करते हैं और एक दूसरे के त्योहारों का हिस्सा बनते हैं। सभी त्योहारों का अपना-अपना विशेष महत्व होता है। देश में होली, तीज, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, ईद, गुरुपर्व जैसे अनेक त्यौहार सभी लोग प्रेम-प्यार के साथ मिलजुल कर मनाते हैं। यही हमारे महान देश की एकता व अखंडता का प्रतीक हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न कलाकारों के समूह ने अनेकों सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का प्रदर्शन करके सभी का मन मोह लिया। सभी कलाकारों ने कार्यक्रम में नया रंग, उमंग और उत्साह भर दिया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर वसंथा बंडारु, पंजाब के माननीय राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान, भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्यपाल जैन, हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, हरियाणा के महाधिवक्ता बलदेव राज महाजन, हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी आलोक मित्तल, राज्यपाल के एडीसी अर्श वर्मा व मोहन कृष्णा पी, राज्यपाल के संयुक्त सचिव अमरजीत सिंह, राज्यपाल के ओएसडी बखविंदर सिंह, नियंत्रक एवं निदेशक राजभवन जगन्नाथ बैंस सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

### हिसार-चंडीगढ़ हाइवे पर पलटी रोडवेज बस

**जींदः** शनिवार को गांव हथो के पास हिसार-चंडीगढ़ हाइवे पर हिसार डिपो की किलोमीटर स्कीम बस का चालक स्कूटी को बचाने के चक्कर में नियंत्रण खो बैठा और बस गड्ढे में पलट गई। जिससे बस चालक-परिचालक सहित सात घायल हो गए। जिसमें बस चालक, एक यात्री व स्कूटी सवार महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल रेफर कर दिया गया।

### कुपोषित बच्चों में सुधार वर्ष 2023 से चलेगा विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों में सुधार करने के लिए वर्ष 2023 से 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें जन्म से 6 वर्ष तक आयु के कम वजन वाले, बौने और बच्चों के जीवन को प्रभावित करने वाले अन्य घटकों का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जाएगा ताकि वर्ष 2026 तक इन घटकों को समाप्त कर बच्चों एवं महिलाओं को स्वास्थ्यवर्धक बनाया जा सके। मुख्य सचिव आज यहां पोषण अभियान-2 के तहत 5वीं स्टेट कनवरजेंस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

## आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के लिए पंजीकरण शुरूः कंवरपाल

**मनोहर तोहफा**

**आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के विस्तारीकरण के लिए पोर्टल का खोल दिया है**


**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़ हरियाणा** के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने नागरिकों को मनोहर तोहफा देते हुए आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के विस्तारीकरण के लिए पोर्टल का खोल दिया है। नागरिक आयुष्मान भारत-चिरायु योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री जगाधरी में आयोजित जनता दरबार लगाकर कार्यकर्ताओं और आम जनता की समस्याएं सुन रहे थे। कंवर पाल ने कहा कि सरकार ने अब इस योजना के तहत 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज सुविधा का लाभ देने की घोषणा की है। इसके लिए ऐसे परिवारों को सालाना 1500 रुपए का अंशदान देना होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के विस्तार से प्रदेश के लगभग 15 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। आयुष्मान हरियाणा पोर्टल 15 अगस्त से चालू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई चिरायु हरियाणा योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित होगी और वे भी 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे बीमारियों के महंगा इलाज के खर्च के कारण अब इन परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

## नैनो यूरिया ही आधुनिक कृषि का भविष्यः डॉ. बनवारी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़** हरियाणा के सहकारिता व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि नैनो यूरिया ही आधुनिक खेती का भविष्य है। प्रधानमंत्री का किसानों की आय बढ़ाने करने का जो प्रण है, उसके लिए हरियाणा सरकार भी निरंतर प्रयासरत है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल शनिवार को रेवाड़ी में इफको द्वारा आयोजित नैनो उर्वरक का फसल उत्पादन में महत्व विषय पर आधारित विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि भूमि संरक्षण व तरल नैनो उर्वरक से होने वाले अन्य आर्थिक व स्वास्थ्य संबंधी फायदों के लिए भी सरकार कार्य कर रही है। किसानों के आर्थिक उत्थान के लिये ही सरकार यूरिया पर प्रति बोरी 2700 रुपये की सब्सिडी देती है लेकिन यह पूरी तरह सार्थक नहीं हो पाती है और किसान को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने में दिक्कतें आ रही हैं। डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि नैनो यूरिया के प्रयोग से इन सभी समस्याओं से निजात पाया जा सकता है चूंकि तरल नैनो यूरिया की 500 मि.ली की मात्रा एक बोरी यूरिया के बराबर नाइट्रोजन फसलो को प्रदान करती है। नैनो यूरिया के इस्तेमाल से सरकार पर सब्सिडी का बोझ खत्म होगा और साथ ही इससे मिट्टी की गुणवत्ता और मानव के स्वास्थ्य पर भी कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि यूरिया के ज्यादा संपर्क से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं इसीलिए किसानों से अपील है कि अपनी जमीन और आने वाली नस्लों की सुरक्षा के लिए नैनो यूरिया का इस्तेमाल करें । नैनो यूरिया के ड्रोन द्वारा छिड़काव की प्रक्रिया किसानों को सुलभ करवाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने ड्रोन से छिड़काव के प्रशिक्षण के लिए 45 हजार रुपए की सब्सिडी देने का भी निर्णय लिया है। ड्रोन सस्ती से सस्ती कीमत पर किसानों एवं सहकारी समितियों को आसानी से उपलब्ध हो सके। इस पर भी कार्य किया जा रहा है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकार से समृद्धि का देश की जीडीपी में बहुत बड़ा योगदान है। सहकारिता रोजगार वर्धन के साथ साथ मुनाफे में भी अप्रत्याशित वृद्धि कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने का स्वप्न भी सहकारिता के जरिए से साकार हो सकता है।

डा. बनवारी लाल ने कहा कि हरियाणा की सभी 751 पैक्स को कंप्यूटरीकृत करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। इससे विभाग में पारदर्शिता आएगी सभी पैक्स बहुउपयोगी बनेंगी।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# 'भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है नौरंगराय तालाब'



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पूर्व निर्धारित धरना मेयर शक्तिरानी शर्मा के निवास के बाद विधायक असीम गोयल के घर के बाहर विनोद धीमान व उसके साथियों ने जनता की आवाज के रूप में लगाया। धरने के आयोजक विनोद धीमान ने कहा कि आज भ्रष्टाचार मे सबसे भ्रष्टाचारी के रूप में अम्बाला के विधायक असीम गोयल का नाम गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भेजा जाए तो वह दुनिया में पहले नम्बर पर आएंगे और आने वाले समय में विधायक असीम गोयल व विनोद शर्मा परिवार के बुत शहर के चौक पर लगवाए जाएंगे और उन पर लिखा जाएगा कि आज तक सबसे भ्रष्ट विधायक अगर कोई है तो वह असीम गोयल है और दूसरा बुत विनोद शर्मा का लगाया जाएगा जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को फायदा पहुंचाने के लिए चुप रहने व जनता की आवाज न उठाने का रिकॉर्ड बनाया है। विनोद धीमान ने कहा कि आज अम्बाला शहर की जनता भ्रष्टाचार, एनडीसी, गलत प्रॉपर्टी आईडी व बाढ़ में हुए नुकसान के मुआवजे के लिए लाईनों में लगी पड़ी है और कोई भी रास्ता जनता को दिखाई नहीं दे रहा। विनोद धीमान ने कहा कि नौरंगरॉय तालाब पिछले 19 साल से बदहाली का शिकार है और जिस में से 10 साल विनोद शर्मा का कार्य काल रहा और 9 साल से विधायक असीम गोयल यहां का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बड़े शर्म की बात है कि धार्मिक आस्था के केन्द्र श्री वामन भगवान के स्थान नौरंगराय तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य 3 करोड़ से शुरू होकर आज 18 करोड़ तक पहुंच चुका है लेकिन भ्रष्टाचार के कारण वह कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया। निर्माण कार्य की अगर जांच की जाए तो पता चलेगा कि जो लेंटर तालाब की परिक्रमा में डाला गया है उसके कमजोर होने के कारण उसमें लोहे गार्डर लगाने पड़ रहे हैं क्योंकि करोड़ो रूपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इसी प्रकार अम्बाला शहर का श्री महावीर म्यूनिस्पिल पार्क जो कभी अम्बाला शहर की शान हुआ करता था आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। उस पर भी लगने वाला करोड़ो रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है और बड़ी हैरानी की बात है कि पिछले तीन साल से मेयर और विधायक असीम गोयल इस शहर के लिए मिल कर कार्य कर रहे हैं लेकिन इस ओर उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया क्योंकि उससे जुड़े लोग इस भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। विनोद धीमान ने कहा कि जब हमने दो महीने नगर निगम के बाहर 4 दिन की भूख हड़ताल की थी उससे पहले इन दोनों नेताओं को एक दूसरे में कोई कमी नहीं दिखाई देती थी और चुनाव जिताने के लिए एक दूसरे की मदद करते रहे, चाहे वह कार्तिक शर्मा का राज्य सभा चुनाव या असीम गोयल का विधानसभा चुनाव हो, चाहे वह नगर निगम में डिप्टी मेयर व एडहाक कमेटी का चुनाव हो। ये दूसरे के साथ कंधे से कधा मिला कर चलते रहे। लेकिन हमारे धरने के बाद से एक दूसरे आरोप-प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला इन्होंने शुरू कर दिया।

लेकिन अब जनता में इनकी पोल खुल चुकी है। आने वाले दिनों में जनता इनको अपने गांव, मोहल्लो, गलियों में इनकी जन विरोधी नीतियों के कारण घुसने नहीं देगी और आने वाला समय आम जनता का होगा।

**निशाना बनाया**

▶▶ विधायक असीम गोयल के घर के बाहर विनोद धीमान व उसके साथियों ने जनता की आवाज के रूप में लगाया

# बरोदा हलके के गांव भैंसवाल में हुआ हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना(सोनीपत)** हरियाली तीज के उपलक्ष्य में बरोदा हलके के गांव भैंसवाल में शनिवार को हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जननायक जनता पार्टी(जजपा) की बाढड़ा सीट से विधायक नैना चौटाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। भैंसवाल में पहुंचने पर उपस्थित महिलाओं ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

विधायक नैना चौटाला ने उपस्थित महिलाओं को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीज का त्यौहार आस्था, सौंदर्य और प्रेम का प्रतीक है, क्योंकि इस दिन हम सभी अपसी मतभेदों को भूलकर बहुत ही प्रेम के साथ एक मिल जुलकर इस पर्व को बहुत खुशी के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व महादेव शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जो हमारी आस्था का प्रतीक है। कार्यक्रम में हिसार से नैना चौटाला के लिए पहुँची कोथली विशेष आकर्षण का केंद्र रही । विधायक ने कहा कि हरियाणा गठबंधन सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने अनेक कार्य कर रही है। गठबंधन सरकार ने महिलाओं की मजबूती के लिए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में चुनी गई 50 प्रतिशत महिलाएं आज अपने गांवों के विकास को चार चांद लगा रही है। इसके अलावा सरकार द्वारा प्रत्येक जिला में 20 किलोमीटर पर महिलाओं के लिए सरकारी कॉलेज स्थापित किए गए ताकि हमारी बेटियों को पढने के लिए कहीं दूर न जाना पड़े। विधायक ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल को मजदूर, किसान व कमेरे वर्ग का मसीहा कहा जाता था आज उन्ही के बताए रास्ते पर चलते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मजदूर, किसान व कमेरे वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे है। क्योंकि ये वर्ग किसी भी देश की रीढ की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं क्योंकि अगर यह वर्ग विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा तो प्रदेश व देश भी विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा की निजी कंपनियों में हरियाणा के युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण दिलाया गया ताकि हरियाणा के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले और उन्हें देश के अन्य स्थानों पर न जाना पड़े।

**निशाना बनाया**

▶▶ महिलाओं ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची विधायक नैना चौटाला का किया जोरदार स्वागत

▶▶ आस्था, सौंदर्य और प्रेम का प्रतीक है हरियाली तीज का त्यौहार-विधायक नैना चौटाला

## न्यूज फ्लैश

### तीज का त्यौहार है हमारी संस्कृति की विरासत, इसको सहेजकर रखना हमार जिम्मेदारी: प्रियंका हुड्डा



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** कांग्रेस की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री प्रियंका हुड्डा ने शनिवार को पानीपत ग्रामीण हलके की ज्योति कालोनी में महिलाओं और बच्चों के साथ तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया। उन्होंने सभी महिलाओं को तीज के त्यौहार पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी और आपस में भाईचारा बनाये रखने का संदेश दिया गया। वहीं कांग्रेस नेत्री प्रियंका हुड्डा ने कहा कि तीज का त्योहार हमारी संस्कृति की विरासत है और इसे सहेजकर रखना हम सभी की सांझी जिम्मेदारी है। तीज का त्यौहार महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित और परिभाषित करते हुए ऐसे त्यौहारों से हमें समाज सेवा व राष्ट्र भक्ति की सीख लेकर सेवा एवं समर्पण के कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर प्रियंका हुड्डा ने महिलाओं को झूला भी झूलाया गया।

### युवाओं को दिया खुम्ब उत्पादन कर प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, अम्बाला शहर द्वारा आयोजित केन्द्र के परिसर में खुम्ब उत्पादन तकनीक पर व्यावसायिक प्रशिक्षण करवाया जिसमें लगभग 140 किसान युवाओं व युवतियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। केन्द्र प्रभारी सुनीता आहुजा ने बताया कि पिछले 4-5 सालों में किसानों का रुझान खुम्ब की खेती की तरफ बढ़ा है। खुम्ब स्वास्थ्य, व्यवसाय, पर्यावरण व आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत ही बढिया है। इसलिए खुम्ब उगाएं, खायें, आमदनी बढ़ाएं और पर्यावरण बचाएं। आहुजा ने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से उगाई जाने वाली सभी खुम्ब खाने योग्य, पौष्टिक व स्वादिष्ट होती हैं।

खुम्ब में प्रोटीन, खनिज लवण, विटामिन व आवश्यक एमिनो एसिड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। विटामिन-बी, सी व बी-12 भी पाया जाता है जो साधारणतया सब्जियों में कम पाए जाते हैं। वसा व काबोर्हायड्रेट की मात्रा कम होने के कारण हृदय रोग व मधुमेय, खून की कमी, बच्चों में सूखा रोग व चर्मरोग जैसी बीमारियों से बचाव के लिए खुम्ब एक अच्छा स्त्रोत है।

डॉ. आर. एस. चौहान, कृषि वैज्ञानिक, के.वि.के. पंचकूला एवं डॉ. फतेह सिंह, कृषि वैज्ञानिक, के.वि.के. कुरुक्षेत्र ने प्रशिक्षणर्थियों को बताया कि खेती छप्पर व कमरों के अंदर कृत्रिम व वैज्ञानिक ढंग से सफलतापूर्वक की जा सकती है। खुम्ब को खेतों के लिए कम्पोस्ट, स्पान, केसिंग मिश्रण, तुड़ाव व पेकिंग सभी की पूर्ण रूप से जानकारी दी गयी। प्रैक्टिकल काम देखने के लिए प्रशिक्षणर्थियों को मशरूम उत्पादक मेहर चंद, गांव-सुल्लर के यूनिट का भ्रमण करवाया गया। डॉ.अशोक ढिल्लों, के.वि.के. अम्बाला शहर ने ग्रेडिंग, पैकिंग, लेखा-जोखा एवं बिक्री के सम्बन्ध में जानकारी दी। पशुरोग प्रयोगशाला की अधिकारी डॉ. वंदना भनोट, नाबार्ड के अधिकारी दीपक जाखड़ एवं बागवानी अधिकारी रजत ने अपने-अपने विभाग की जानकारी दी।

# जिला की कष्ट निवारण समिति के 66 सदस्य मनोनित

## जजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र व प्रवक्ता जयदेव सहित पांच नेता है जजपा के





**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया** सरकार ने पानीपत की जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति में भाजपा व जजपा के 66 नेताओं को मनोनित किया है। जिसमें सांसद संजय भाटिया, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, जजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला, जजपा के जिला प्रवक्ता जयदेव नौल्था, नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर दुष्यंत भट्ट, डिप्टी मेयर रविंद्र फूले,पार्षद अशोक कटारिया, रविंद्र भाटिया, संजीव दहिया,लोकेश नागरू, अनिल बजाज, पार्षद पति राजपाल हरिनगर,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मेघराज गुप्ता व कुलदीप कौशिक सहित पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मपाल जागलान,जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, भाजपा नेता शशीकांत कौशिक, सत्यवान शेरा,रघुनाथ तंवर कश्यप, पूर्व चेयरमैन अजमेर मलिक,धर्मेंद्र एडवोकेट,डा. सुरेद्र टूटेजा, डा. राजबीर आर्य,महाबीर सिंह दहिया, दीपक सलूजा, सुनील परढाना व डा. हेमा रमन आदि शामिल है। जजपा की तरफ से जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला, जिला प्रवक्ता जयदेव नौल्था, लेखराज खट्टर, सुरेश सैनी व बिजेंद्र करहंस सहित पांच नेताओं को मनोनित किया गया है। वहीं भाजपा व जजपा कार्यकताओं ने शनिवार को जिला कष्ट निवारण समिति के मनोनित सदस्यों को बधाई दी है और सदस्यों ने अपनी पार्टी के नेताओं का आभार व्यक्त किया है। बता दे कि कष्ट निवारण समिति के सदस्यों में पानीपत जिला के चारो हलकों पानीपत शहर, ग्रामीण, समालखा व इसराना से भाजपा नेताओं को मनोनित किया गया है।

# आर्य नगर में महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीज का पर्व



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत जिलाभर में तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने हरियाणी गीत गाते हुए झूला भी झूला गया। पानीपत के असंध रोड स्थित आर्य नगर की महिलाओं ने वन विभाग के कार्यालय प्रांगण में पेड पर झूला डाला गया और महिलाओं ने बारी बारी से झूला झूला गया। इस अवसर पर महिलाओं में सुमित्रा, रामरती, गीता,सुनीता , संतोष, बीना, सुदेश, मिनाक्षी, पूनम, सोनिया, संतो सोनी, मोनिका और तन्नु,रशिका, निकुंज, नैंसी,देव, रियांश, अक्षित, पारस, कोमल आदि बच्चे भी मौजूद रहे।

# बीपी मंडल की पुण्यतिथि पर 25 अगस्त को करनाल में होगा विशाल सम्मेलन: रमेश सैनी



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** कांग्रेस ओबीसी सेल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा की बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंडल आयोग के निमार्ता एवं अध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि करनाल के सेक्टर 5 में 25 अगस्त को भव्य तरीके से मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदेश भर के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

वह विश्वकर्मा धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे ।इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग कुरुक्षेत्र के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तेलु राम जांगड़ा, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश जोगी ,जिला कार्यकारी अध्यक्ष रोशन लाल धीमान, करनाल के जिला प्रधान दिनेश सेन, पंचकूला के जिला प्रधान राजकुमार सैनी ,प्रदेश प्रवक्ता रिंकू बैरागी, पेहवा हलका प्रधान शैलेंद्र सिंह कंबोज, शाहाबाद हलका प्रधान राम मूर्ति, कोऑर्डिनेटर एडवोकेट सुरेश यादव, पालाराम सिंहपुरा मौजूद रहे ।रमेश सैनी ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी सेल की मांग है कि जातीय जनगणना करवाई जाए।

# विमुक्त और घुमंतु जाति के लोगों के लिए शिविर 24 को

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विमुक्त और घुमंतु जाति से सम्बन्धित लोगों की बीपीएल राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्ध सम्मान भत्ता तथा आय व जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित जो भी समस्याएं है।

उनके लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त को नगर परिषद अम्बाला छावनी कार्यालय में विमुक्तऔर घुमंतु जाति से सम्बन्धित लोगों तथा 25 अगस्त को यहीं पर सभी लोगों के लिये शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 31 अगस्त को बीडीपीओ कार्यालय शहजादपुर में विमुक्तऔर घुमंतु जाति से सम्बन्धित लोगों तथा 1 सितम्बर को यहीं पर सभी लोगों के लिये शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# छठे दिन श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का सुनाया प्रसंग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र** के सेक्टर 5 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास पडिंत श्री कृष्ण कुश राज राजेश्वरी पीठ श्री धाम वृदांवन ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक श्री सुनील कृष्ण कुश ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया ।आदौ देवकी देव गर्भजननं, गोपी गृहे वर्द्धनम्। माया पूज निकासु ताप हरणं गौवर्द्धनोधरणम्।। कंसच्छेदनं कौरवादिहननं, कुंतीसुपाजालनम्। एतद् श्रीमद्भागवतम् पुराण कथितं श्रीकृष्ण लीलामृतम्।।श्रीमद भागवत का अर्थ जब सौभाग्य का उदय होता है तभी भागवत कथा सुनने को मिलती है। भगवान सत्य स्वरूप हैं। चित्त स्वरूप हैं ।कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। संगत के द्वारा छप्पन भोग ठाकुर जी को लगाया गया। सुदामा कृष्ण जी का मिलन दिल को छू लेने वाला था सारी संगत की आंखों में आंसू थे

**प्रसंग सुनाया**

▶▶ जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। संगत के द्वारा छप्पन भोग ठाकुर जी को लगाया गया

# 'उग्र प्रवृत्ति के लोगों को हटाकर चुनाव करवाए सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया अंबाला (मनीष कुमार)** एसजीपीसी की एक प्रैस वार्ता अम्बाला शहर में सम्पन्न हुई। जिसमें जत्थेदार बलदेव सिंह कायमपुरी सीनियर वाईस प्रेजीडेंट एसजीपीसी श्री अमृतसर एवं जत्थेदार गुरदीप सिंह भानोखेड़ी ने प्रैस को सम्बोधित करते हुए बताया कि 14 अगस्त 2023 को विश्व प्रसिद्ध गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ( एडहाक ) की एक मीटिंग चल रही थी जिसके अंदर बलजीत सिंह दादूवाल और उनके साथियों द्वारा गुंडागर्दी की गई। जोकि सिख इतिहास में काला अध्याय लिखा गया है। वहां पर उपरोक्त द्वारा गुरू घर के अन्दर गाली-गलौच की गई उस समय हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी (एडहाक) के प्रधान महन्त कर्मजीत सिंह भी वहां मौजूद थे। बड़े दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि जो सिख कौम स्त्री जाति का बहुत सम्मान करती है लेकिन इस घटना के समय एक महिला सदस्य भी वहां मौजूद थी। मीटिंग के दौरान महिला सदस्य के समाने ही भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। कमेटी बनने से बाद से ही इनके द्वारा गुरूघरों की गुल्लकों के ताले काटे गए। इनके द्वारा अकाल तख्त साहिब की रहत मयार्दा का भी पालन नहीं किया गया। गुरूघरों के अंदर धारना पढ़ने वाले रागी सिंहों को भर्ती किया गया है। हमारी मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पुरजोर अपील है कि इस ओर ध्यान दें क्योंकि वे सिख सिद्धान्तों से भली-भांति परिचित हैं तथा बलजीत सिंह दादूवाल और महन्त कर्मजीत सिंह व अन्य उग्र प्रवृति के लोगों को कमेटी से तत्काल हटाया जाए तथा जल्द से जल्द कमेटी के चुनाव करवाए जाएं। यह प्रैस कान्फ्रेस जतिन्द्र पाल सिंह लक्की शहरी प्रधान की मौजूदगी में हुई। इस प्रेस वार्ता में जरनैल सिंह बडौला ग्रामीण जिला प्रधान, हरजीत सिंह लखनौर साहिब, अजीत सिंह सौंडा, अमरीक सिंह बरनाला, स. सुरजा सिंह मटेडी जट्टां, नवजीत सिंह कोहली अम्बाला छावनी, सुखदेव सिंह नन्यौला, स जसविन्द्र सिंह प्रधान गुरूद्वारा लखनौर साहिब, स. हरजीत सिंह प्रधान गुरूद्वारा गेंदसर साहिब भी मौजूद रहे।

**मांग**

▶▶ बलजीत सिंह और उनके साथियों द्वारा गुंडागर्दी की गई। जोकि सिख इतिहास में काला अध्याय लिखा गया है

# लिटल एंजल्स स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित






**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**17 अगस्त से 19** अगस्त 2023 तक लिटल एंजल्स स्कूल में तीन दिवसीय मॉडल युनाईटेड नेशंस पर शानदार कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को जाने माने विजिविंग लर्निंगस एंड सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर दीक्षांत मलिक के द्वारा कार्यान्वित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम दीक्षांत मलिक को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात दीक्षांत मलिक ने बच्चों को ह्यमॉडल युनाइटेड नेशंसह्न की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह एक ऐसा सिमुलेशन है जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान खोजने के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं का अनुकरण करता है। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे दूसरे देशों के साथ कार्य को सुचारु रूप से किया जा सकता है। बच्चों ने भी इस कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी और विश्व शांति बनाए रखने पर अपने विचार साझा किए। बच्चों ने एम॰यू॰एन॰ की सफलताओं, चुनौतियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। एम॰यू॰एन॰ का उद्देश्य छात्रों को वर्तमान घटनाओं, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, कूटनीति और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे के बारे में बच्चों का शिक्षित करना है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार प्रश्न पूछे और सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए गए। सभी बच्चे इस कार्यक्रम के दौरान काफी उत्साहित थे। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बच्चों को एम॰यू॰एन॰ की उपयोगिता बताते हुए आपसी संबंधों को सुदृढ़ करने व विश्व शांति को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग के द्वारा ही समाज व राष्ट्र का विकास संभव है। विद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और विद्यालय द्वारा किए जाने वाले इन प्रयासों को अभिभावकों द्वारा सदैव सराहा जाता है।


# नरेला आर्य समाज मंदिर में मनाया गया तीज महोत्सव






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला रामदेव चौक पर स्थित आर्य समाज मंदिर में प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा ने हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया। महोत्सव में मेहंदी सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। हरियाली तीज के मौके पर प्रसिद्ध समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा की ओर से गुरुवार को हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन नरेला के आर्य समाज मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से प्रोग्राम में आए लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान महिलाओं ने अलग-अलग खेलों में भाग लिया। अनीता गर्ग और रितु खत्री ने खेलों में जज की भूमिका निभाई। भाग लेने वाली सभी महिलाओं को पुरस्कृत भी दिया गया। सभी महिलाओं को निःशुल्क मेहँदी भी लगाई गयी। लेमन दौड़, म्यूजिकल चेयर बाउल कलर चुनना, राइफल निशाना आदि प्रतियोगिता करवाई गई। इसके बाद जीतने वाली महिला को लक्की ड्रा के तहत इनाम भी दिया गया। वहीं, महोत्सव में महिलाओं ने एक दूसरे के साथ अलग-अलग अंदाज में सेल्फी लेकर तीज की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जज के रूप में बहन रितु खत्री, अनीता गर्ग की देखरेख में खेल पुरस्कार के निर्णय लिए गए, डॉ.एस.पी जून सुषमा गौतम संगीता द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता एवं महिला खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया तथा सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को नगद पुरस्कार भेंट किया गया। लविशका जून को बच्चों में मिस लिटिल महोत्सव नरेला चुना गया और कार्यक्रम में पूजा नगद राशि से सम्मानित किया गया। महोत्सव में प्रसिद्ध समाजसेवक प्रवीन लाकड़ा ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार हमारी संस्कृति को दशार्ता है। इस दिन हिंदू समुदाय के लोग भगवान शिव और पार्वती की पूजा करते हैं। सावन का महीना भी चल रहा है और यह सबसे शुभ महीनों में से एक माना जाता है। विनोद श्योराण ने कहा कि हरियाली तीज उल्लास और उमंग का उत्सव है जो हमारे जीवन में भी हरियाली लाने का प्रयास करता है। हमें अपनी संस्कृति की रक्षा करनी है तो अपने सामाजिक-धार्मिक पर्वों को उत्साह पूर्वक मनाना चाहिए। उत्सव हमारे रिश्तों को और मजबूत करते हैं। हर क्षेत्र में तीज त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं और इसी कड़ी में हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री ने कहा कि यह त्योहार हमारी संस्कृति को दशार्ता है। आज तीज महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने झूला झूलते हुए सावन के गीतों, विभिन्न तरह के पकवानों के साथ तीज महोत्सव मनाया गया। एस पी जून ने बताया कि हमारी संस्कृति में तीज उत्सव का बहुत बड़ा महत्व है। तीज का त्योहार हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है, वहीं दूसरी ओर इस त्योहार के माध्यम से अतीत के दर्शन भी होते हैं। हरियाली तीज का उत्सव सावन मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए जग कल्याण जन उत्थान परिषद एवं हमारी मेहनत फाउंडेशन, टैलेंट ऑफ इंडिया ड्रीम सोशल वेलफेयर कौशल विकास संगठन के संयोजन में तथा मुख्य संयोजक अरुण आर्य, प्रधान संजय खत्री, सुरेश खत्री, रजनीश खत्री, एस पी जून, अरुण आर्य, नरेश खत्री (सिल्लू), ताराचंद, सुषमा गौतम अन्य लोगों की भागीदारी रही।

## वजीरपुरः रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी करें रक्तदानः इन्द्रजीत यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी इन्द्रजीत यादव ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को भी जीवनदान मिल सकता है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। इन्द्रजीत यादव ने कहा कि कई लोगों के मन में गलत धारणा होती है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी आ जाती है, जोकि बिल्कुल ही गलत है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।
उन्होंने आगे कहा कि आपके आस-पास जहां पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हो, वहां पर अवश्य ही जाये और वहां जाकर रक्तदान करें। क्योंकि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में अवश्य ही अपनी भागीदारी निभाये।

## राजा गार्डनः शिवाजी कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** की आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा देश के जांबाज वीरों के शौर्य और बलिदान को समर्पित अभियान 'मेरी माटी मेरा देश' के अंतर्गत शिवाजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई (2 दिल्ली बटालियन एवम 7 दिल्ली गर्ल्स बटालियन) के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों को अतिथि वक्ता के तौर पर कर्नल अब्दुल हमीद खान (कमांडिंग अफसर, 7 दिल्ली गर्ल्स बटालियन) ने अपनी सम्मानित उपस्थिति से सुशोभित किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज तथा कर्नल अब्दुल हमीद खान के कर कमलों से ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान द्वारा हुआ। तत्पश्चात शिक्षक गण तथा स्वयंसेवकों ने पूरी सत्यनिष्ठा के साथ पंच प्रण प्रतिज्ञा की। इसके पश्चात वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कर्नल खान के विचारों ने सभी श्रोतागणों के मन में राष्ट्रवाद की भावना का संचार करते हुए उनके उत्साह में कई गुना वृद्धि की। प्राचार्य वीरेंद्र भारद्वाज ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी के आंदोलन में बलिदान हुए क्रांतिकारियों के योगदान को साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा से भी अवगत कराया।
कार्यक्रमों की इस श्रृंखला का समापन प्रकृति संरक्षण एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देते हुए अमृत वाटिका के निर्माण से हुआ, जिसके तहत स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों को स्मरण करते हुए 75 वृक्षों का रोपण किया गया।
स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर रुचिरा ढींगरा, लेफ्टिनेंट डॉ. दीप्ति तथा लेफ्टिनेंट डॉ. राजिंदर सिंह का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अलीपुर की निष्ट कोचिंग संस्था में मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अलीपुर** की निष्ट कोचिंग संस्था में 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर प्रमुख निदेशक कपिल देव शर्मा के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉ जयकिशन सब्बरवाल को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। इसके अलावा एडवोकेट जय सिंह मान हास्य कवि को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर बच्चो ने देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुति कर समा बांध दिया। डॉक्टर सभरवाल ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कार वितरण किया। संस्थान के संचालक कपिल देव शर्मा ने उसे कार्यक्रम में घोषित सभी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए समापन किया। महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर अलीपुर के डॉक्टर अंबेडकर भवन में झंडारोहण कर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रोग्राम में डॉक्टर जयकिशन सभरवाल पूर्व प्राचार्य को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। कार्यक्रम के संयोजन सतपाल सिंह सिसोदिया अध्यक्ष एमजीआई ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अनुठा आयोजन कराया। डॉक्टर सभरवाल ने संस्था से प्रशिक्षण दे रहे प्रतिभागियों को आकर्षक इनाम बाटें और उन्हें सदैव आगे बढ़ने का आह्वान किया। सतपाल सिंह ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## केशवपुरमः पर्यावरणविद विनय कंसल ने किया पौधारोपण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**77वें** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विनय कंसल पर्यावरणविद द्वारा केशव पुरम (त्रिनगर) के डीडीए के विभिन्न पार्कों एवं उद्यानों में वृक्षारोपण किया गया।
विनय कंसल ने बताया कि इस दौरान तकरीबन विभिन्न प्रजातियों के 300 लगाये गये। इस अवसर पर डॉक्टर विनय कंसल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें जीवित रहना है तो पृथ्वी को जंगलों के रूप में विकसित करना ही होगा और जल, जंगल, जमीन को बचाना ही होगा अन्यथा हमारी आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उन पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए।



चांदनी चौक से निगम पार्षद पुनरदीप साहनी के जन्मदिन पर उनको आशीर्वाद देते हुए विधायक प्रहलाद साहनी और बधाई देते हुए हर्ष शर्मा चिंटू पूर्व निगम पार्षद, चांदनी चौक विधानसभा आप अध्यक्ष हरमेश यादव व अन्य।

## दयानंद वत्स ने पूर्व राष्ट्रपति को अर्पित किये श्रद्धा सुमन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. शंकर दयाल शर्मा को उनकी 105वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि मध्यप्रदेश का गौरव रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भोपाल के मुख्यमंत्री, केंद्र में संचार मंत्री, आंध्रप्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। तदुपरांत भारत के उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति और फिर भारत के राष्ट्रपति बने। डॉ. शर्मा उच्च शिक्षित शिक्षाविद् एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी विद्वान महापुरुष थे।

## नांगलोईः सुरजेवाला को कोई अधिकार नहीं जनता को बोले अपशब्दः हेमलता वरूण



**टीम एक्शन इंड़िया\नई दिल्ली**
**गत** दिनों पहले कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला द्वारा हरियाणा के कैथल में भाजपा को लेकर दिए गए राक्षस वाले ब्यान को लेकर बाहरी जिला भाजपा की पूर्व मंत्री हेमलता वरूण ने सुरजेवाला व कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा हैं कि कांग्रेस कभी भी अपनी ओच्छी राजनीति से बाज़ नहीं आएगी। कांग्रेस पहले तो मोदी जी को लेकर अनाप-शनाप बोलती रहती थी और जब इससे भी उनका पेट नहीं भरा तो अब जनता को भी कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। भाजपा के लिए जनता जनार्दन का रूप है और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी है, जिनके लिए जनता राक्षस का रूप है, जनता इस अंतर को भली-भांति समझती है।
**कांग्रेस पूरी तरह से बोखलाई हैं:** जब से देश की जनता ने कांग्रेस को नकारा हैं, तभी से ही कांग्रेस बोखलाई सी दिखती हैं, जब तक लोगों ने कांग्रेस को चुनाव जितवाया था क्या तभी तक कांग्रेस के लिए जनता जर्नादन थी और अब वही जनता उनके लिए राक्षस बन गई हैं, सुरजेवाला ऐसा अपशब्द बोलने से पहले यह भूल गए कि जो वो अभी सांसद है तो जनता की बदौलत ही हैं।

# नरेला के पंजाबी कॉलोनी में अग्रवाल सेवा संघ ने किया तीज महोत्सव का विशाल आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट की ओर से हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि दिल्ली नगर निगम महापौर डॉक्टर शैली ओबराय व अति विशिष्ट अतिथि नरेला विधायक शरद चौहान, वार्ड-1 से निगम पार्षद श्वेता खत्री, वार्ड 2 बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, निगम उपायुक्त वीर सिंह यादव, पूर्व उपमहापौर अर्चना मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला मे पंजाबी कालोनी स्थित बवालपुर समाज मंदिर में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा भव्य तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता प्रतियोगिता में हर घंटे लकी ड्रा कूपन निकाले गए विजेता महिलाओं को अतिथियों द्वारा पारितोषिक वितरित किया गया। गुब्बारे थीम से मनाये गए इस समारोह में सभी महिलाएं आकर्षक परिधानों में सजी धजी दिखायी दीं। कजली थीम, गीत संगीत व नृत्य के साथ सखियों ने सावन के झूले का आनंन्द लिया। महोत्सव में मेहंदी एवं महिला खेल प्रतियोगिता के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने तीज के गीत गए और पारंपरिक झूलों पर महिलाओं और बच्चों ने भी आनंद लिया। तीज गेम में भरे डिब्बे में अपना कूपन डाल कर छोड देने की प्रतियोगिता हुई। तीज सुंदरी में कई महिलाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें लकी ड्रॉ के तहत चुनी गईं महिला को उपहार दिया गया। प्रोग्राम में कई तरह के स्टाल भी लगाए गए है। अतिथि डा. शैली ओबरॉय ने डिब्बे से लकी ड्रॉ का नाम निकाल कर उन्हें गिफ्ट दिया और महिलाओं के साथ झूला तो पड़ गए अम्बुआ की डाल पर गीत पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। उन्होंने अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो मान सम्मान हमे नरेला में बुजुर्गों से मिलता है, वो मान सम्मान प्यार पूरी दिल्ली में देखने को नहीं मिलता है। बाद में प्रोग्राम में सभी लोगों को तीज हरियाली की शुभकामनाएं दी। अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने हरियाली तीज त्यौहार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह त्योहार हमारी संस्कृति को दशार्ता है। इस दिन हिंदू समुदाय के लोग भगवान शिव और पार्वती की पूजा करते हैं। भारत को त्यौहारों का देश भी कहा जाता है, हर मौसम अपने साथ कई त्यौहार साथ लेकर आता है। सावन का महीना भी कई त्यौहार लेकर आता है जिसमें से खास है हरियाली तीज आ गई तीज बिखेर गई बीज, आ गई होली भर गई झोली कहावत के आधार पर तीज पर्व के बाद त्यौहारों का शीघ्र आगमन होता है और यह सिलसिला होली तक चलता है। अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट की तरफ से समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल, प्रचार मंत्री राहुल सिंघल, महामंत्री पंकज गुप्ता, महावीर प्रसाद, विकास बंसल, अनुराग जैन, विनोद बंसल, श्रीकृष्ण दास गर्ग, रविंद्र मोहन गर्ग, विजय सगर बंसल, राकेश गर्ग, गोपाल, सुरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अमित कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे हैं।

न्यूज फ्लैश

## गोवर्धन पर्वत पर हुई चरवाहा की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

गोवर्धन परिक्रमा के आन्यौर में पर्वत के ऊपर हुई चरवाहे की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपित को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त लाठी और शिला को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। मंगल सिंह निवासी आन्यौर 10 जुलाई को भेड़ बकरी चराने गोवर्धन पर्वत पर गया था। शाम को भेड़ बकरी लौट आईं, परंतु मंगल सिंह नहीं लौटा। अगले दिन सुबह मंगल सिंह का बेटा पोहपी अपने परिजन और करीब दो दर्जन ग्रामीणों के साथ गोवर्धन पर्वत पर खोजबीन करने लगे। तीन चार बड़ी शिलाओं के बीच मंगल सिंह का दबा कुचला शव मिला। शव नग्न अवस्था में मिला। मुंह में अंडरवियर घुसा हुआ था। पर्वत पर हुई हत्या पुलिस के लिए चुनौती बन गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने शुक्रवार को हत्या का खुलासा करते हुए आरोपित श्याम सिंह निवासी जतीपुरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हत्या में प्रयुक्त लाठी और शिला को भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक दिन पहले मंगल सिंह की बकरियों को श्याम सिंह ले जा रहा था। इस बात पर झगड़ा हुआ था। दूसरे दिन श्याम सिंह ने मंगल सिंह को अकेला देख उसकी हत्या कर दी।

## बावरिया गिरोह के दो और सदस्य पुलिस के हत्थे चढे

**-हाइवे पर चेन लूट की घटना में थी पुलिस को तलाश**

**-दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद शुक्रवार को किया था गिरफ्तार**

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

बावरिया गिरोह के दो और सदस्य पुलिस के हत्थे चढे हैं। गिरोह के दो बदमाशों को मथुरा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया था। हाइवे पर हुई चेन लूट की घटना में सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को बदमाशों का सुराग लगा था। सागर बावरिया पुत्र ओमप्रकाश बावरिया उर्फ ओमी बावरिया निवासी खोखसा, थाना झिझाना जिला शामली तथा रितिक बावरिया पुत्र संजय बावरिया उर्फ संजीव बावरिया निवासी अलाऊदीनपुर, थाना झिंझाना जिला शामली को गोपाल बाग नगर के किनारे पंचमुखी मंदिर की तरफ जाने वाले तिराहे के पास से मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोचा। एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली है। 10 अगस्त को प्रधान क्रैन सर्विस मनीरामवास बाईपास कोसीकलां के सामने चेन लूट की घटना हुई थी। इनके कब्जे से लूटी गयी चेन का टुकडा, अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस, एक मोबाइल, एक हेलमेट व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

## इस बार पुलिस के हत्थे चढ गया फर्जी ज्वाइंट कमिश्नर

**-गुम हुए रिश्तेदार की तलाश में मदद मांगने पहुंचा था पुलिस चैकी**

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

बडे लोगों की सुनवाई हो जाती है, इस सच ने युवक को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स चंडीगढ़ बन कर युवक सरकारी अधिकारियों से मिलता रहा और अपने काम करता रहा। थाने, चैकियों पर पहुंच कर भी खूब चला लेता था। एक दिन तो भंडा फूटना था सो अब सलाखों के पीछे है। मथुरा में थाना सदर बाजार पुलिस ने स्वयं को आयकर विभाग का ज्वाइंट कमिश्नर बताकर पुलिस पर दबाव बनाने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभात कुमार पुत्र स्व. बृजराज सिंह निवासी दीवा हमीदपुर थाना पिसावा जनपद अलीगढ़ को 71 फर्जी विजिटिंग कार्ड के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभात कुमार चैकी सिविल लाइन पहुंचा और वहां तैनात एसआई कपिल कुमार नैन को अपना विजिटिंग कार्ड दिखाते हुए कहा कि मैं ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स, चंडीगढ़ हूं। मेरा नाम प्रभात है, मेरा रिश्तेदार सोनू उर्फ पुनीत सोलंकी पुत्र रोहताश सोलंकी निवासी सरसई नरू थाना अमापुर जनपद कासगंज गुम है उसकी तलाश में मेरी मदद करो। इसके बाद पुलिस पर मदद के लिए दबाव बनाने लगा। इस बीच चैकी इंचार्ज को उसके अधिकारी होने पर शक हुआ। यहीं से फर्जी ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स बने युवक का खेल बिगड़ता चला गया। सख्ती से पूछने पर युवक ने पुलिस को बताया कि मैं कोई ज्वाइंट कमिश्नर नहीं हूं। अपना काम निकलवाने के लिये यह फर्जी विजिटिंग कार्ड बनाया है। इसे जहां भी दिखाता हूं, मेरा काम बहुत जल्दी हो जाता है। बडे बडे अधिकारी से सीधा मिल लेता हूं। आज भी इसी फर्जी विजिटिंग कार्ड का सहारा लेकर अपने रिश्तेदार को जल्दी खोजने के लिये रोब दिखाकर पुलिस पर दबाव बना रहा था। अभियुक्त के कब्जे से ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स के 71 फर्जी विजिटिंग कार्ड बरामद हुए।

# रजत निर्मित हिंडोले में विराजमान होकर बांके बिहारी लाल ने दिए दर्शन

हरियाली तीज

**-वर्ष भर में एक ही बार होते हैं भक्तों को ऐसे दुर्लभ दर्शन -तय समय से डेढ़ घंटे पहले खोल दिए गए भक्तों के लिए बांके बिहारी मंदिर के द्वार**




मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में हर उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उत्सवों की श्रृंखला में श्रावण मास में आने वाला हरियाली तीज का पर्व भी वृंदावन में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस उत्सव के मौके पर वृंदावन में स्थित सभी मंदिरों में ठाकुर जी को हिंडोलो में विराजमान किया जाता है। वहीं बेशकीमती स्वर्ण रजत निर्मित हिंडोले में विराजित जन जन के आराध्य ठाकुर बांके बिहारी लाल की मनमोहनी छवि को निहारने के लिए भक्तों का सैलाब कान्हा की नगरी में उमड़ पड़ा है। भक्त अपने लाडले की एक झलक पाने को लालायित दिखाई दिए। श्रावण मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर ठाकुर बांके बिहारी लाल वर्ष में केवल एक बार बेशकीमती स्वर्ण रजत निर्मित हिंडोले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देते है। हरे रंग की रेशमी कढ़ाई से सजी विशेष पोशाक में ठाकुर जी की दिव्याकर्षक छवि को निहारने के लिए भक्त का अपार समूह अपने आराध्य की सिर्फ एक झलक निहारने को लालायित दिखाई दिया। इस विशालकाय झूले का इतिहास आजादी की लड़ाई से जुड़ा हुआ है।15 अगस्त 1947 को ठाकुरजी प्रथम बार इस अद्भुत झूले पर विराजित हुए थे। 218 किलो वजनी हिंडोले में ठाकुरजी की श्री विग्रह को प्रातःकाल वैदिक पूजा अर्चना के उपरांत विराजमान कर ठीक 6:15 बजे भक्तो के लिये दर्शन खोल दिये गये, हालांकि मंदिर के द्वारा दर्शन खुलने का समय 7:45 था, लेकिन मंदिर के द्वार तय समय से डेढ़ घंटे पहले ही खोल दिए गए। मन्दिर के द्वार खोल जाने से पूर्व ही हजारों की संख्या में भक्त मंदिर के आसपास जुटने शुरू हो गये थे। जैसे ही पट खोले गए बांके बिहारी लाल की जयजयकार से सारा परिसर गूंज उठा। उमस भरी गर्मी में भी भक्तो की आस्था को डिगा नहीं सकी। भक्तों की श्रद्धा के मद्देनजर मन्दिर के पट खोले रखने के समय में भी चार घण्टे की अवधि बढ़ा दी गयी है। पहले केवल शाम के समय ठाकुर जी झूले में विराजते थे। अब सुबह व शाम दोनों समय दर्शन दे रहे है। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चैबंद इंतजाम किये गये है। आलाधिकारी पूरे शहर की खुद निगहबानी कर रहे है। हर चैराहे तिराहे व प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किये गये है। वहीं वृंदावन शहर के अन्य मंदिरों में भी ठाकुर जी को ग्रहों को लकड़ी, चांदी एवं सोने से निर्मित हिंडोले में विराजमान किया गया। जिसमें राधावल्लभ मंदिर, राधारमण मंदिर, राधा दामोदर मंदिर, राधा श्याम सुंदर मंदिर, स्नेह बिहारी मंदिर, राधा गोविंद मंदिर, मदन मोहन मंदिर है। मंदिर में प्रवेश के लिए रही एकल व्यवस्था मंदिर में भीड़ का दबाव न बने इसके लिए मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश की एकल व्यवस्था लागू की गई थी। मंदिर के आस पास की सभी गलियों में बैरिकेडिंग लगाकर लाइन से मंदिर में प्रवेश कराया जा रहा है। शहर में वाहनों की एंट्री के सभी रास्ते बंद कर ट्रैफिक का रूट बदला गया था। शहर के बाहर 30 से अधिक पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई, जहां वाहनों को पार्क कराया गया। सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम प्रशासन ने इस अवसर पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये थे। शहर को तीन जोन, 18 सेक्टर में बांट कर अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को जोन प्रभारी बनाया गया। 18 सर्किल ऑफिसर को सेक्टर प्रभारी का जिम्मा सौंपा गया है। 30 निरीक्षक, 200 उपनिरीक्षक, 1200 कॉन्स्टेबल, 2 प्लाटून पीएसी और इसके अतिरिक्त यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए एक प्लाटून फ्लड पीएसी की टीम यमुना पर तैनात की गई है।

## देखरेख के अभाव में दम तोड़ रही कदंब पथ योजना

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

ब्रज के प्राचीन स्वरूप की परिकल्पना को साकार रूप देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की कदंब पथ योजना विभागीय देखरेख के अभाव में दम तोड़ रही है। महज एक सप्ताह पहले रोपित किए गए कदंब के पौधे पानी न मिलने से सूखते जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए उचित संरक्षण का भरोसा दिलाया है। कान्हा की नगरी को पुरातन स्वरूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कदंब पथ योजना की शुरूआत करीब एक सप्ताह पहले की गई थी। जिसमें जिलाधिकारी पुलकित खेरे ने संत महंतों के साथ मथुरा मार्ग पर कदंब के पौधे रोपित किए गए थे। इस योजना में मथुरा के मसानी से वृंदावन के पागल बाबा मंदिर तक चार सौ से अधिक कदंब के पौधे लगाए जायेंगे। पौधे को सुरक्षित रखने के लिए, एक निजी संस्था के सहयोग से ट्री गार्ड भी लगाए गए हैं, लेकिन महज एक सप्ताह में ही विभागीय लापरवाही से योजना दम तोड़ती दिखाई दे रही है। जिलाधिकारी पुलकित खेरे ने मामले का संज्ञान लेते हुए पौधों के संरक्षण का भरोसा दिलाया है।



## बस की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत, बेटी गंभीर घायल

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

शनिवार को मथुरा भरतपुर रोड पर बाइक से अपने गंतव्य को जा रहे दंपति तेज गति से जा रही बस की चपेट में आ गए। इससे बाइक सवार दंपति की मौके पर मौत हो गई। दंपति के साथ आठ वर्षीय बेटी बुरी तरह घायल हो गई। पुलिस ने बेटी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। शनिवार को देवेंद्र निवासी थाना खैर जनपद अलीगढ़ अपनी पत्नी पुष्पा व पुत्री प्रिया उम्र करीब 08 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से मथुरा से भरतपुर की तरफ जा रहे थे। तभी जाजमपट्टी से मथुरा की तरफ जा रही बस ने टक्कर मार दी जिससे देवेंद्र व उनकी पत्नी पुष्पा की मौके पर मृत्यु हो गई तथा उनकी पुत्री प्रिया उम्र करीब 08 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई।

## राधा रानी ने स्वर्ण रजत हिंडोले में झूला झूल भक्तों को दिए दर्शन

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

हरियाली तीज पर झूला दर्शनों को सुबह से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। राधा रानी ने अपने भक्तों को पुष्पों से सुसज्जित स्वर्ण रजत हिंडोले में झूला झूल कृपा बरसाई। मंदिर को भव्य फूल बंगला से सजाया गया। शनिवार को हरियाली तीज पर पुलिस प्रशासन ने सुबह से ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तिराहे चैराहे पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाकर जाम से छुटकारा दिलाया तो भक्तों ने राधा रानी मंदिर को भव्य फूल बंगला से सजाया गया। श्रृंगार आरती पर सेवायत राजू गोस्वामी, शिव शंकर गोस्वामी, जयभगवान गोस्वामी के सहयोगी उमाशंकर गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, हेमंत गोस्वामी ने राधा रानी के विग्रह को गर्भगृह से बाहर जगमोहन में स्वर्ण रजत हिंडोले को पुष्पों से सजाकर राधा कृष्ण के विग्रह को हरी पोशाक धारण कर भव्य छप्पन भोग अर्पित कर दर्शन कराए तो मंदिर परिसर राधा रानी के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भक्त राधा रानी की जय बरसाने वारी की जयकारे लगाते हुए अपनी अपनी मनोती मंगाकर इस स्वर्णिम पल को अपने अपने मोबाइल कैमरों में संजोकर लेने में व्यस्त हो गए।



# सप्तदेवालों की नगरी से सुखद अनुभव लेकर लौट रहे श्रद्धालु

निराकरण

**क्षेत्र में एक स्थान पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या होने तत्काल ही मौके पर निराकरण करा दिया गया है।**



मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

हरियाली तीज पर्व के दृष्टिगत नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा वृन्दावन नगर में श्री बांके बिहारी जी मंदिर के साथ साथ सभी सप्तदेवालों के आस पास एवं मुख्य मार्गों, चैराहों तथा सम्पूर्ण वृन्दावन परिक्रमा मार्ग में विशेष सफाई करायी गई। सभी जगह रंगीन चूने का छिड़काव भी कराया गया। नगर निगम मथुरा वृन्दावन वृन्दावन परिक्रमा मार्ग एवं श्री बांके बिहारी जी मंदिर क्षेत्र में लगातार सफाई का कार्य किया जा रहा है। श्री बांके बिहारी जी मंदिर के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये नगर निगम द्वारा हरिनिकुंज चैराहे से लेकर विद्यापीठ चैराहा होते हुए श्री बांके बिहारी जी मंदिर की मुख्य गली तक रेलिंग लगवायी गयी है, जिससे श्रद्धालु एक कतार में दर्शन कर सुगमता का अनुभव प्राप्त कर सके, साथ ही श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पडे। नगर निगम के प्रवर्तन द्वारा लगातार भ्रमणशील रहते हुये श्री बांके बिहारी जी मंदिर क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण को लगातार हटवाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को निकालने में असुविधा न हो। इसी के साथ नगर निगम द्वारा विद्यापीठ चैराहा से लेकर श्री बांके बिहारी जी मंदिर एवं श्री राधावल्लभ मंदिर होते हुए जुगल घाट तक जगह-जगह डस्टबिन लगवाये गये है। नगर की सामाजिक संस्था ध्यानमूर्ति सेवा संस्थान के माध्यम से पीने की पानी एवं ग्लूकोज आदि की व्यवस्था की गयी है। हरिनिकुंज से लेकर विद्यापीठ चैराहा होते हुए जुगल से घाट से जादौन पार्किंग वीआईपी मार्ग तक रि सिटी, किंग्स सिक्योरिटी एवं नगर निगम के कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधार्थ लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा है कि अपने जूते जूता घर में ही उतारे, अपने आस पास सफाई रखें, नगर निगम को अपना सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र में एक स्थान पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या होने तत्काल ही मौके पर निराकरण करा दिया गया है। नगर निगम मथुरा वृन्दावन की उक्त सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण शनिवार को प्रातः 10 बजे नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा स्वयं किया गया है।

## वृंदावन महिला मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज का पर्व



मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

हरियाली तीज महोत्सव के पावन मौके पर हरि निकुंज चैराहा स्थित देव रेजीडेंसी में शनिवार को सज धज कर पहुंची महिलाओं ने सामूहिक गीत एवं बधाई गायन गाकर समां बांध दिया। हरियाली तीज के मौके पर बधाई गायन के साथ साथ महिलाओं ने खेल खेलकर उत्साह प्रकट किया। वहीं एक दूसरे को त्यौहार की बधाई दी। वृंदावन महिला मित्र मंडल के तत्वाधान में हरियाली तीज का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसको लेकर एक दिन पहले से ही महिलाएं तैयारियों में जुट गई थीं। उन्होंने हाथों में मेंहदी लगाई और त्योहार के दिन के लिए आभूषण और लहंगा साड़ी व सूट भी सलेक्ट किए। शनिवार को कार्यक्रम में पहुंचकर महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें फैशन शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिलाओं द्वारा सावन नृत्य, कैटवाक, म्यूजिकल चेयर सहित कई खेल खेले गए। कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओं ने झूला झूलकर की इसके पश्चात नृत्य संगीत एवं विभिन्न प्रकार के खेल-खेलकर प्रस्तुत की। हरियाली तीज कार्यक्रम में शास्त्रीय, उपशास्त्रीय एवं लोकनृत्य कजरी की सुंदर प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया इस अवसर पर मैत्री कौशिक, नीलम सिंह, भावना सिंह, खुशबू खंडेलवाल, रेखा खंडेलवाल, सरिता गर्ग, पिंकी राणा, रमा राणा, अंजलि सिंह, नीलम सिंह, निशा सारस्वत, रिया अग्रवाल आदि महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## मेरठ में अतीक की बहन आयशा के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

मेरठ/टीम एक्शन इंडिया

उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की मदद करने में आरोपित अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी पर पुलिस का शिकंजा कस गया है। इस मामले में फरार चल रही आयशा के मेरठ स्थित घर पर प्रयागराज पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा किया। उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की आर्थिक और भागने में मदद करने के मामले में अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी फरार चल रही है। अतीक की बहन की ससुराल मेरठ में नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित भवानीनगर में है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद फरार आरोपित गुड्डू मुस्लिम और असद ने आयशा के घर पर शरण ली थी। इसकी सीसीटीवी फुटेज वायरल हुई थी। इससे पता चला कि गुड्डू मुस्लिम लगभग 17 घंटे तक आयशा के घर रहा था और उसे आर्थिक मदद भी दी गई थी।

# आये सनूने, बाजार में बिखरी घेवर की महक

मथुराहरियाली तीज

सनूने यानी रक्षा बंधन से जुड़ी ब्रज में कई अनूठी परंपरा हैं। सावन के महीने में घेवर के बिना मेहमाननवाजी अधूरी रहती है। बहन अपने भाई के यहां जाती हैं तो घेवर जरूर लेकर जाती हैं। कोई मेहमान भी सावन के महीने में बिना घेवर के किसी के घर नहीं पहुंचता। यानी ब्रज में बिना घेवर के सावन सूना है। माना जाता है घेवर की महक उठने लगे तो समझो रक्षाबंधन का पर्व आ रहा है। जैसे जैसे रक्षाबंधन नजदीक आता जा रहा है। वैसे वैसे बाजारों में घेवर बड़े पैमाने पर स्टॉक किया जाने लगा है। घेवर बनाने की विधि भी अन्य मिठाइयों से बेहद अलग है। कई कारीगर इस विधा में माहिर होते हैं जिनकी मांग इस सीजन में बढ़ जाती है। घेवर कारीगर लोहरे हलवाई ने बताया कि पहले एक पेस्ट बनाया जाता है, उसमें मैदा और दूध मिलाया जाता है। उसके बाद धीमी आग पर सांचों में बारी बारी से इस पेस्ट को डाला जाता है। यह प्रक्रिया तकरीबन 10 से 15 मिनट तक चलती रहती है और घेवर का फाउंडेशन तैयार होता है। इसके बाद के फ्लेवर पर काम होता है। देसी घी भी घेवर बनाने में प्रयोग किया जाता है। जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है, तो घेवर को आगे बढ़ाते हैं और इस पर तरह तरह की लेयर चढ़ाई जाती है, जिसमें मलाई घेवर, खोया घेवर प्रमुख रूप से बनाए जाते हैं। इनमें मिठास डालने के लिए चीनी का घोल डाला जाता है और यहां अलग अलग टेस्ट में यह तैयार किया जाता है। यह सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुकान पर इसे बिक्री के लिए सजा कर रखा दिया जाता है।



# भरत मिलापः मैया को कर प्रणाम, तैयारी को निकला श्री रामलीला संस्थान

निराकरण

**क्षेत्र में एक स्थान पर सीवर ओवरफ्लो की समस्या होने तत्काल ही मौके पर निराकरण करा दिया गया है।**



मथुरा/टीम एक्शन इंडिया

कोसीकलां में लगने वाले प्रसिद्ध श्री राम भरत मिलाप मेले की तैयारियों से पूर्व आयोजक श्री राम लीला संस्थान ने शनिवार को नगर देवी मां भगवती का दुग्धाभिषेक किया। मंत्रोच्चारण एवं जयघोष के बीच मैया की पूजा अर्चना कर मेले को सकुशल एवं भव्य रूप से सम्पन्न कराने की मनौती मांगी गई। इसी के साथ एक पखवाड़े चलने वाले मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई। उत्तर भारत के प्रसिद्ध मेलों में शुमार श्री राम भरत मिलाप मेला की तैयारियों के लिए शनिवार को श्री राम लीला संस्थान के बैनर तले संस्थान पदाधिकारियों एवं नगर वासियों ने नगर देवी मां भगवती का दुग्धाभिषेक किया। सुबह ही संस्थान अध्यक्ष हरेंद्र ठाकुर, गिर्राज चैधरी अपने सहयोगी मुकेश जैन भट्ठा वाले, प्रमोद बठैनियां, राहुल जैन कामियां, संजय पटवारी, शम्भू चैधरी, कन्हैया लाल गोयल, मोर मुकुट शास्त्री, विजय अगरारिया, मदन चैधरी, सुनील शेरगढ़िया, अजय गोइंका, के साथ मंदिर पहुंच गए। वहीं युवा नेता व मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल एवं वेद प्रकाश गोयल के साथ मंदिर पहुंचे। जहां सभी ने मेले के भव्य रूप से सम्पन्न होने की प्रार्थना व मनौती के साथ मां भगवती की पूजा अर्चना की। मेला आचार्य पंडित मोर मुकुट शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण कर अभिषेक कराया गया। इस दौरान संस्थान नरदेव चैधरी एवं चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि मेले को भव्यता देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। सड़क से लेकर सजावट पर काम किया जाएगा। ताकि मेले की एक अलग ही छवि सामने आए। संस्थान अध्यक्ष ठाकुर हरेंद्र ने सभी से सहयोग की अपील की है।

# नूंह और मणिपुर हिंसा में शामिल दंगाइयों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग

वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया


हरियाणा स्थित नूंह (मेवात) और मणिपुर हिंसा को लेकर हिन्दूवादी संगठनों में नाराजगी बढ़ रही है। हिंसा में शामिल दंगाइयों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर हिन्दू जनजागृति समिति का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार वर्मा से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने गृहमंत्री अमित शाह को सम्बोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन सौंपने के बाद समिति के राजन केशरी,इंडिया विथ विजडम के संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि दंगे में सहभागी रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमानों को बंदी बनाकर देश से बाहर भगाने,दंगे के प्रसारित वीडियो एकत्रित कर उसके आधार पर संवेदनशील क्षेत्र में कॉबिंग ऑपरेशन, दंगाइयों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई,विदेश से फंडिंग अथवा शस्त्र-अस्त्र की आपूर्ति की जांच,दंगे में मारे गए हिन्दुओं के परिजनों को सरकारी नौकरी और उनके बच्चों को शिक्षा दिलाने की मांग की गई है। राजन केशरी ने आरोप लगाया कि पिछले तीन महीनों से मणिपुर में कुकी (ईसाई) समाज द्वारा योजनाबद्ध हिंसा कर कश्मीर के समान मणिपुर को हिन्दू विहीन बनाने का बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। हाल ही दिल्ली में मोहर्रम की शोभायात्रा के समय छोटे बच्चों के माध्यम से हिन्दुओं पर तथा सरकारी बसों एवं सार्वजनिक संपत्ति पर हमले किए गए। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं न्याय परिषद के महासचिव अधिवक्ता अरुण मौर्य, अधिवक्ता सूरज, हनुमान चालीसा ग्रुप वाराणसी के अध्यक्ष राजकुमार आदि शामिल रहे।

हरियाणा सरकार

G20 भारत 2023 INDIA

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# जो कहा वो कर दिखाया




"प्रदेशवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े यह सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य है। इसी कड़ी में, हमने 450 कॉलोनियों को अधिकृत किया है ताकि आम जनता को मूलभूत सुविधाएं पहुंचा सकें।"

\- मनोहर लाल

"देश के पास आज ऐसी सरकार है, जो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, देश के संतुलित विकास के लिए लगातार काम कर रही है। हमारे हर निर्णय का एक ही मानदंड है Nation First, राष्ट्र प्रथम।"

\- नरेन्द्र मोदी





## हरियाणा सरकार ने 450 अनाधिकृत कॉलोनियों को किया नियमित

नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा कुल **239** कॉलोनियां

अधिकृत की गई

शहरी एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा कुल **211** कॉलोनियां

वर्ष 2014 से 2023 तक कुल 1135 कॉलोनियां हुईं नियमित

1856 कॉलोनियों का नियमितीकरण प्रक्रियाधीन

अपने जिले की नियमित हुई कॉलोनियों की विस्तृत सूची देखने हेतु क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana